Khushwant Singh is essentially an orientalist in outlook who has Indian self and individuality of personality. His journey is a ceaseless quest for identity, which is reflected through the medium of his literary career and art. His creative urge as a novelist lies in continuous search for self-seeking. Though his mind and personality as a whole have been molded by western education and culture, he is at heart a Sikh a pure Indian. He values Indian art and culture and is deeply rooted in the soil. His writing has grown out of the grass roots of the social milieu as his experience of rural India is the base of his creative Endeavour. He has portrayed India as both an outsider and insider. Anthony Burgress comments on his art of fiction as: "The most notable writer from the Punjab is undoubtedly the Sikh Khushwant Singh; whose I Shall Not Hear the Nightingale is a fine chromile of life in a Sikh community in the period 1942-43. We have here a formidable novelist who writes too little.

Khushwant Singh described himself as a writer of history and fiction: "I write about the people I detest most, he asserted. On the fundamental quality of Khushwant Singh, V.A. Shahane writes:

THE IRREPARABLE HUMAN LOSS IN TRAIN TO PAKISTAN:

The creation of the new nation called Pakistan and the sudden departure of the English from India transferring the administration to Indians themselves left lakhs of Indians who lived on the frontiers with unfathomable woes. It was a departing kick of the British Imperialism for both Hindus and Muslims. The clash of communal venom in the late 1947 was something unimaginable in the land of Buddha and Mahatma. The five rivers of prosperity, civilization and life flooded with corpses and blood that rose out of the loss of human values. Instead of jubilation, there were fear and horror. People became aliens in their own homes. Freedom and the creation of a new nation in the Indian sub-continent came in the form of devouring demon. The innocents became flies to the wanton boys. There was a great exodus both from India and Pakistan. People on the border discarded their houses, properties and relatives in order to save their lives. Communal frenzy reached its peak. The hard fought freedom through nonviolence had its celebration in the form of violence. Friends became foes over night and began to crouch on each other. Killing, raping, looting and burning became the order of the day. The whole of North India experienced a tumultuous period. Men had their sport in counting on their prey. There was a mass migration like that of the Israelites in the Old Testament. In order to save the precious lives, evacuation works were carried on both the sides. From the day of the announcement of partition, on an average of 50,000 non-Muslims were brought to safety everyday with the available means of transport. After Partition, published by the Ministry of Information and Broadcasting, Government of India, gives the following detail about the mass migration: "From September 18 to October 29, 1947, in 42 days, as many as 24 non-Muslim foot convoys, totaling 8, 49,000 souls with hundreds of bullock carts and thousands of cattle crossed over to India". Between August 27 and November 6, 1947 about 673 refugee trains ran

between the two nations carrying over 27,99,368 refugees on both the sides. By the end of 1947 about 12, 50,000 refugees were given shelter in 160 camps all over India. In short, the late 1947 was marked with horrified flight on the entire frontier region. Despite these evacuative measures and military escorts, the two nations witnessed lawlessness and violence to the core. Khushwant Singh in his Train to Pakistan describes the situation in this manner: "…all of northern India was in arms, in terror or in hiding". The entire nation was bewildered and shocked to see a nation of Ahinsa with guns and spears thirsting for blood, property and women. Harish Raizada in his article "Train to Pakistan: A Study in Crisis of Values" points out, "The harrowing incidents of 1947 had shaken the faith of all the sensitive and thinking people of India in the intrinsic nobility of man, taught by its sages and saints including Mahatma Gandhi during various stages in its cultural evolution of thousands of years".

The partition and its aftermath was the darkest period in the history of modern India. Many literary and nonliterary works have been produced on the partition of the Indian sub-continent. Of the many literary works, Khushwant Singh's Train to Pakistan is the first novel in English written by an Indian about partition. It was first published in 1956 as Mano Majra when Khushwant Singh was forty. The novel abounds with the description of the partition Holocaust. Khushwant Singh himself felt a great mental agony at the ghastly Human tragedy of partition. Harish Raizada in his article "Train to Pakistan: A Study in Crisis of Values" quotes what Khushwant Singh said in one of his interviews:

• BRUTAL RELIGIOUS PERSECUTIONS:

Partition witnessed unbelievable amount of religious mayhem. Thousands of people were forced to get converted into other religions. Temples, Mosques and gurdwaras were sullied. Those who had firm faith in their religions resisted religious conversion. Eventually, they committed suicide to avoid forced conversions. Holy books burnt. Many shrines turned into stalls and markets. Even animals branded in the name of religion. People changed their dress code and names according to the locale they lived or travelled. Religion is a highly sensitive issue, which will easily evoke any Indian. Unlike the westerners, the Indians are tinged with their religion. They feel religion as their skin, which cannot be peeled off until death. In India, if anyone wishes to converse or write on religion they should do it with utmost care and a note of caution. Any religious delusion will put the entire nation in flames, like the Babar-Masjid issue or the Godhra violence. This research is done on two novels by two different authors. However, none of them is subjective in their approach; none of them feels that their religion is better than others, and none of them identifies with the religion of their own.

The novelists, Khushwant Singh had his first hand experience of the partition holocaust He never portray that his religious people were the best and the others were the worst. He spot a sheep as well as a wolf in every religion. He did not carry away with their religious nepotism or fanaticism; instead stand firm on religious tolerance and unanimity. He has his protagonists drawn from all the three warring religions – Hinduism, Islam and Sikhism.

The reader is forced but to pray that such mishap never occur again. The partition mishap proves that people turn to fanaticism in no time throwing away all their sanity. There will be no difference between human and savage if people kill each other. People should have faith in justice and rule of law. "The arc of moral universe is long but it bends towards justice." The world has to be made a better place to live in.

OBJECTIVES OF THE STUDY:

• The objective of this Dissertation is to understand Khushwant Singh"s perspective on partition in "Train to Pakistan". The novel has received worldwide recognition and admiration

for documenting faithful representation of hatred, mistrust and enormous upheavals culminating in the result of partition.

- The main objective of this study is to highlight the real episode of partition.
- To overcome the faith that only one community was responsible for the blood shed.

References.

- Crane, R.J. (1992). Inventing India: A history of India in English language fiction. London: Macmillan.
- Singh, K. (1988) Train to Pakistan. New Delhi: Ravi Dayal
- 18 Swain, S. P.. "Khushwant Singh‟s Train to Pakistan: A Thematic Analy sis."Indian Writings in English: Vol. VI. Ed. Manmohan Bhatnagar. NewDelhi: Atlantic Publishers and Distributors, 1999. Print.Girdhari. V. T.. "Historical Text, Human Context: Khushwant Singh‟s Train to Pakistan." Fifty Years of Indian Writing: Golden Jubilee Volume. NewDelhi: Indian Association for English Studies, 1999. Print.
- After Partition. The Publications Division, Ministry of Information and broadcasting.
- Agnihotri, R. K.. "On a Pre-Partition: The Question of Hindi-Urdu." Pangs of Partition: Vol. II: The Human Dimension. Ed. S. Settar and Indira
- Alexander, Suja. "Personal Concerns Go Public in Khushwant Singh‟s Train to Pakistan." The Fictional World of
- Khushwant Singh. Ed. Indira Bhatt. New Delhi: Creative Books, 2002. Print
- Bandyopadhyay, Sekhar. From Plassey to Partition: a History of Modern India.New Delhi: Orient Longman, 2004.
- Print. Baptista. New Delhi: Manohar Publishers & Distributors, 2002. Print.
- Belliappa, K. C. "The Elusive Classic: Khushwant Singh‟s Train to Pakistan and Chaman Nahal‟s Azadi." The Literary Criterion 15.2, 1980. Print.
- Bhatia, S. C...Rev. of Azadi. The Literary Criterion. N.p.: n.p., 1976. Print.Bose, Sudhir. "From Print to Film: Train to Pakistan." Manushi (May – June 1998). Print
- Broadcasting, Government of India, New Delhi: 1948. Print.
- Butalia Urvashi. (1998).The other side of silence: voices from the partition of India. New Delhi, India: Penguin Books India (P) Ltd.
- Chakravarti, Ranabir, ed. Trade in India. New Delhi: Oxford University Press,2001. Print.
- Chakravorty, D. K.. "The Theme of the Partition of India in Indian Novels in English." The Indian Novel in English:
- Essays in Criticism. Ed. RaviNandan and R. K. Sinha Sinha. Ranchi: Ankit Publishers, 1987. Print.
- Creative Books, 2002. Print.Khatri, Chote Lal. "Trauma of Partition in Khushwant Singh‟s Train to Pakistan." Indian
- English Fiction: Reading and Reflections. Ed.Gajendra Kumar and Uday Shankar Ojha. New Delhi: Sarup & sons 2003. Print.

युगांतर अंतर्राष्ट्रीय शोध–पत्रिका
खंड–11, अंक–44, वर्ष–2022 (मार्च, 2022) आईएसएसएन : 2320–2467, आईएफः 5.4

भारत में ग्रामीण साख प्रदान करने वाली संस्थाओं का विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ. प्रहलाद सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर
अर्थशास्त्र,
राजकीय महाविद्यालय विच्छीवाड़ा, डूंगरपुर, (राज.)

1. शोध सारांश :–

गाँवों में वित्त उपलब्ध कराने वाली संस्थाएं ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। भारत में आज भी लगभग 68.8 प्रतिशत जनसंख्या गांवों में रहती है। इस आबादी का अधिकांशः भाग कृषि पर *निर्भर है। किसानों को अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर रहता पड़ता है।*

प्रस्तुत शोध पत्र में ग्रामीण साख का परिचय देते हुए, इसकी विशेषताओं के साथ, ग्रामीण साख प्रदान करने वाले औपचारिक व अनौपचारिक स्त्रोतों का विवरणात्मक अध्ययन किया गया है।

ग्रामीण साख प्रदान करने वाली संस्थाओं का विश्लेषणात्मक अध्ययन करते हुए ग्रामीण ऋण का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है।

2. प्रस्तावना :–

2.1 ग्रामीण साख :–

भारत गाँवों का देश है। भारत भर के गाँवों में रहने वाले लोगों की आय का प्रथम स्त्रोत कृषि है। हर साल, किसानों और किसानों को अच्छी फसल सुनिश्चित करने के लिए बहुत अधिक मात्रा में धन की आवश्यकता रहती है। इस तरह वे अक्सर फसल के मौसम आने से पहले अपनी मूल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए साहुकारों, जमीदारों व वित्तीय संस्थानों से पैसे ऋण के रूप में लेते हैं और वे अपनी फसल को बेचकर वो उधार चुकाते हैं।

इस तरह, भारत में ग्रामीण इलाकों में कृषि उद्देश्यों या छोटे घरेलू व्यवसायों के लिए लिया गया कोई भी ऋण ग्रामीण ऋण के रूप में जाना जाता है।

2.2 ग्रामीण साख की विशेषताएँ :–

1. *किसानों की उत्पादक साख और अनुत्पादक साख में अन्तर करना काफी मुश्किल होता है।*
2. *कृषि व्यवसाय में मांग और पूर्ति में साम्य संभव नहीं है, जिसके कारण मूल्यों में भारी उतार–चढ़ाव होते रहते हैं।*
3. *कृषि एक मौसमी व्यवसाय है, इसलिए ऋण की मांग भी मौसमी होती है, जिससे ब्याज की दर बढ़ जाती है।*
4. *किसानों के पास उपयुक्त (उचित) जमानत का अभाव होता है।*
5. *ऋण की आवश्यकताओं का पूर्वानुमान नहीं लगा सकते हैं।*
6. *कृषि में प्राकृतिक प्रकोपों के कारण अधिक जोखिम है, जैसे बाढ़, सूखा, पाला, बीमारियों तथा कीठ का प्रभाव।*
7. *कृषि में पूंजी लगाने तथा ऋण प्राप्ति में काफी लम्बा समय लगता है।*

सामान्यतः कृषकों को ऋण सम्बन्धी जरूरतें तीन प्रकार की होती हैं:–

1. ***अल्पकालीन ऋण (Short Term Loan)*** *:– ये ऋण प्रायः अल्प अवधि तक के होते है। ये ऋण प्रमुखतः बीज, खाद आदि को खरीदने तथा पारिवारिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए लिये जाते हैं।*

2. ***मध्यकालीन ऋण (Medium Term Loan)*** *:– ये ऋण प्रायः 15 माह से अधिक परन्तु 5 वर्ष से कम की अवधि तक के लिए लिये जाते हैं। इस प्रकार के साख की जरूरत प्रायः पद कृषि उपकरणों को खरीदने, कुआँ खुदवाने व भूमि लेने के लिए पड़ती है।*

3. ***दीर्घकालीन ऋण (Long Term Loan)*** *:– इस प्रकार का ऋण साखों की उर्वों प्रायः 6 वर्ष से 20 वर्ष तक की होती है। ये ऋण सामान्यतः पूराने कर्जों को चुकाने, भूमि खरीदने, ट्रेक्टर खरीदने, भूमि पर स्थायी सुधार करने आदि के लिए लिये जाते हैं।*

2.3 ग्रामीण साख के प्रमुख स्त्रोत :–

भारत में ग्रामीण देने वाले प्रमुख दो साधन है –

1. ***निजी स्त्रोत*** *:– महाजन, साहूकार, जमींदार आदि।*
2. ***संस्थागत स्त्रोत*** *:– सहकारी समितियाँ, सरकार तथा बैंक व अन्य संस्थाएं आदि।*

(1) ग्रामीण साहूकार और महाजन (Money Lenders) *:– गांव में कृषि ऋण व्यवस्था में कुछ समय पहले इनका वर्चस्व था। ये लोग किसानों से मेन ब्याज वसूलते थे। ये कृषि के अलावा अनुत्पादक के लिए भी ऋण उपलब्ध कराते थे। इनके द्वारा लगाई गई ब्याज दर भी चक्रवृद्धि दर से होती थी तथा भावी ब्याज की राशि ऋण देने से पूर्व ही काट ली जाती थी। कोरे कागज पर अंगूठे के निशान करवाकर मूलधन से अधिक रकम वसुलते थे। किसानों को इनसे आसानी से ऋण मिल जाता था, क्योंकि इसमें किसी तरह का कोई कागज जमा नहीं करवाना पड़ता था तथा नहीं कोई जमानत की आवश्यकता होती है। इसमें साहूकार किसानों को सस्ती कीमत में फसल बैचने के लिए बाध्य भी कर लेते थे।*

सरकार द्वारा इस तरह के ऋणों को रोकने का काफी प्रयास किया गया है किन्तु फिर भी इस हेतु आशानुरूप सफलता नहीं मिल पाई है।

(2) देशी बैंकर (Indigenous Bankers) *:– डॉ. एल.सी. जैन के अनुसार ''देशी बैंकर वह व्यक्ति या संस्था है जो ग्राहकों को ऋण देने के अलावा जमाएं स्वीकार करने तथा हुण्डियों के लेन–देन का कार्य भी करता है।'' इस तरह देशी बैंकरों के मकार्यों को दो भागों में बांट सकते हैं।*

बैंकिंग कार्य व गैर बैंकिंग कार्य। बैंकिंग कार्यों में जमाएं स्वीकार करना, ऋण देना तथा हुण्डियों का व्यवसाय शामिल होता है। ये प्रायः जमाओं पर आधुनिक बैंकों से अधिक ब्याज देते है तथा ऋणों की ऊंची ब्याज दर लेते हैं।

इसके अलावा ये लोग कभी–कभी गैर बैंकिंग कार्य भी करते है – व्यापार, उपभोग, सट्टा आदि। देशी बैंकर कभी–कभी व्यापारिक बैंकों के प्रतिनिधि के रूप में भी कार्य करते है। देशी बैंकर भी महाजनों की भांति विविध कार्यों (जैसे – कृषि, उद्योग, व्यापार, उपभोग आदि) के लिए ऋण सुविधाएं प्रदान करते हैं।

(3) सरकार (Government) *:– ग्रामीण साख की जरूरतों को देखते हुए सरकार ने अल्पकाल के लिए तथा दीर्घकाल के लिए ऋण की व्यवस्था की है। ये ऋण तकावी ऋण कहलाते है। सरकार भू–सुधार ऋण अधिनियम, 1883 के अन्तर्गत दीर्घकालीन ऋण ताि कृषक अधिनियम, 1884 के अन्तर्गत अल्पकालीन ऋण प्रदान करती है। दीर्घकालीन ऋण भूमि पर स्थायी सुधार के उद्देश्य से दिए जाते है जबकि अस्थीय ऋण कृषि संबंधी सामान्य आवश्यकताओं की पूर्ति या अकाल, बाढ़ या अन्य किसी कारण से फसल नष्ट होने पर दिए जाते है। सरकार इन ऋणों पर बहुत कम ब्याज लेती है। परन्तु फिर भी ये ऋण अधिक प्रभावशाली ताि लोकप्रिय नहीं है, क्योंकि ये ऋण कृषकों की केवल 2.3 प्रतिशत जरूरतों की ही पूर्ति करते है और केवल उत्पादक कार्यों के लिए ही मिलते*

है। इसके अलावा ये समय पर नहीं मिल पाते है तथा इन ऋणों की वास्तविक लागत बहुत अधिक होती है। इन ऋणों की वसूली प्रायः सख्ती से की जाती है।

(4) सहकारी समिति (Co-Operative Societies) *:– भारत में सहकारी आंदोलन की नींव सर फ्रेडरिक निकलसन ने रखी। उन्होंने सन् 1895 में अपनी रिपोर्ट Land and Agricultural Bank in Madras 1904 में भारतीय सहकारी साख समिति अधिनियम पारित हुआ और इससे ही देश में सहकारी आंदोलन का श्री गणेश हुआ। देश में आरम्भ से ही सहकारी समितियों का मुख्य उद्देश्य किसी को साख देना रहा है। भारत में साख समितियों का स्तर निम्न प्रकार है :–*

- *गांव स्तर पर प्राथमिक साख समितियाँ*
- *जिला स्तर पर केन्द्रीय सहकारी समितियाँ*
- *राज्य स्तर पर राज्य सहकारी समितियाँ*
- *शीर्ष पर रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया स्थित है।*

रिजर्व बैंक राज्य सहकारी बैंक के माध्यम से किसानों को साख सुविधाएं प्रदान करता है।

इन समितियों का उद्देश्य कृषि विकास के लिए कम ब्याज की दर पर पर्याप्त साख सुविधाएं प्रदान करना है। समितियां अल्पकालीन तथा मध्यकालीन ऋणों के अलावा अनुत्पादक ऋण भी प्रदान करती है। ऋण प्रदान करने के अलावा इन समितियों का उद्देश्य किसानों में बचत को प्रोत्साहित करना और उनका मानसिक व नैतिक उत्थान करना भी है।

(5) व्यापारिक बैंक *:– इन बैंकों की गतिविधियों को हम दो भागों में बांट सकते हैं :–*

1. राष्ट्रीयकरण से पूर्व का समय *:– 19 जुलाई 1969 से पहले के समय में इन बैंकों का कृषि के विकास में योगदान न के बराबर रहा है। आजादी के बाद सरकारी प्रयत्नों के बाद भी बैंकों ने कृषि क्षेत्र के प्रति उदासीनता दिखाई। इस बात का प्रभाव यह है कि 1951 से 1967 के समय में औद्योगिक क्षेत्र को दिए जाने वाले ऋणों का प्रतिशत 33.5 से बढ़कर 64.3 प्रतिशत हो गया। परन्तु कृषि क्षेत्र में दिए जाने वाली राशि 2.2 प्रतिशत से कम होकर 0.2 प्रतिशत रह गई। इन बैंकों ने जो कुछ भी कृषि क्षेत्र को सहायता प्रदान की वह मुख्यतः व्यापार के क्षेत्र में दी गई, उत्पादन क्षेत्र में नहीं, जैसे – व्यापारिक बैंकों ने कपास, जूट, तलहन, गन्ना, रबर आदि के थोक व्यापार को पूँजी की सहायता प्रदान की।*

2. राष्ट्रीयकरण के बाद का समय *:– 19 जुलाई 1969 के बाद कृषि ऋण के क्षेत्र में इन बैंकों के योगदान की दृष्टि से कई क्रांतिकारी परिवर्तन हुए है। 30 जून 1969 को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की कुल शाखाएं 7015 थी जो 30 जून 2003 को बढ़कर 66260 हो गयी। वर्तमान में इनकी शाखाओं की कुल संख्या 85,166 है। यह बैंक कृषि विस्तार के लिए अल्पकालीन एवं मध्यकालीन दोनों प्रकार के ऋण प्रदान करते हैं।*

(6) स्टेट बैंक (State Bank of India) *:– स्टेट बैंक व उसके सहायक बैंकों द्वारा कृषि क्षेत्रों में दी गई सहायता को 4 भागों में बांटा जा सकता है –*

1. भूमि बंधक बैंकों को सहायता *:– स्टेट बैंक भूमि बंधक बैंकों के ऋण पत्रों को खरीदरकर, उनकी जमानत पर ऋण देकर अथवा अंतिम ऋण देकर वित्तीय सहायता प्रदान करता है।*

2. सामान्य सहायता *:– यह केन्द्रीय सहकारी बैंकों को सहकारी प्रतिभूतियों के आधार पर सामान्य दर से 1 प्रतिशत कम ब्याज दर पर ऋण प्रदान करता है।*

3. गोदामों के लिए वित्तीय सहायता

4. विपणन संबंधी साख *:– यदि सहकारी बैंक बिक्री तथा अन्य उत्पादक कार्यों में संलग्न बैंकों को ब्याज सुविधाएं देने में असमथ्र है तो स्टेट बैंक उन्हें प्रथम सहायता प्रदान करता है।*

(7) ***कृषि बंधक अथवा भूमि विकास बैंक*** *:– ये बैंक भूमि की जमानत पर कृषकों को दीघ्रकाल के लिए ऋण देते है। ये बैंक उत्पादक* तथा अनुत्पादक दोनों प्रकार का ऋण प्रदान करते है। क्षेत्रीय आधार पर इन बैंक को दो भागों में बांटा जा सकता है :–

1. **प्राथमिक भूमि बंधक (विकास) बैंक** :– ये बैंक कृषकों को मुख्य रूप से ऋण देते हैं।

2. **केन्द्रीय भूमि बंधक (विकास) बैंक** :– ये बैंक प्रायः कृषकों को प्रत्यक्ष ऋण नहीं देते है, वरन् प्राथमिक भूमि बंधक बैंको का निरीक्षण करके उन्हें वित्तीय सुविधाएं देते है।

(8) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया :– रिजर्व बैंक किसानों को एक रूप से साख प्रदान न करके ब्याज बैंकों के माध्यम से प्रदान करता है। यह सहकारी बैंकों का अल्पकालीन व मध्यकालीन ऋण बैंक दर से 2 प्रतिशत कम दर पर देता है। रिजर्व बैंक अल्पकालीन साख या तो पूर्ण कटौती में अथवा अग्रिमों के रूप में प्रदान करता है।

रिजर्व बैंक दीर्घकालीन ऋण राज्य सरकारें को देता है। ऋण रज्ञज्य सरकारों को दिए जाते है, जिसमें वे सभी साख संस्थाओं के शेयर खरीद सके। इसके अलावा ही बैंक केन्द्रीय भूमि बंधक बैंकों के ऋण पत्र भी दे ले सकता है।

(9) कृषि पुनर्वित व विकास निगम :– पहले इसका नाम कृषि पुनर्वित निगम था। इस निगम की स्थापना 1 जुलाई, 1963 को की गई थी। 15 नवम्बर, 1975 से इसका नाम बदलकर कृषि पुनर्वित व विकास निगम कर दिया गया, इसका मूख्य कार्य कृषि–विकास से सम्बन्धित जिसमें कृषि, पशु–पालन, दुग्ध उद्योग, मछली उद्योग व मुर्गीपालन आदि शामिल है। कार्यक्रमों के लिए पुनर्वित की सुविधाएं प्रदान करना है। यह निगम केन्द्रीय सहकारी भूमि बंधक बैंक, राज्य सहकारी बैंकों तााि अनुसूचित बैंकों के पुनर्वित की मध्यम तथा दीर्घकालीन सुविधाएँ प्रदान करता है। जुलाई, 1982 में इसे NABARD में विलीन कर दिया गया है।

(10) कृषि वित्त निगम :– व्यापारिक बैंकों की कृषि साख बढ़ाने में सहायता प्रदान करने तथा कृषि वित्त संबंधी समस्याओं को सुलझाने की दृष्टि से अप्रैल, 1968 में कृषि वित्त निगम की स्थापना की गयी। यह निगम मुख्य उन्हीं कृषि कार्यों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगा जो तकनीकी दृष्टि से उच्च होंगे। इस प्रकार यह निगम एक नयी दिशा में कार्य करेगा।

(11) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक :– ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे किसानों, सामान्य कारीगरों तथा भूमिहीन श्रमिकों की साख संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 2 अक्टूबर,, 1975 को 5 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक खोले गए। 30 जून, 1995 को कुल 14506 शाखाएं कार्यरत थी, जो कृषकों को उपकरण यंत्र और पशु खरीदने तााि गोबर गैस संयंत्र लगाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रहे हैं।

(12) कृषि व ग्रामीण विकास के लिए राष्ट्रीय बैंक (NABARD) :– 12 जुलाई 1982 से कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए राष्ट्रीय बैंक (NABARD) स्थापना की गयी है, जो कृषि के लिए निम्न प्रकार शाखा की व्यवस्था करेगा :–

(1) यह राज्य सरकारों को 20 वर्ष तक के लिए ऋण दे सकेगा ताकि वे प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से सहकारी साख समितियों के शेयर पूँजी में हिस्सा ले सकें।

(2) यह 18 माह तक की अवधि के लिए अल्पकालीन साख व सहकारी बैंकों, प्रादेशिक ग्रामीण बैंकों व अन्य वित्तीय संस्थाओं को प्रदान करेगा, ताकि उसका उपयोग कृषि कार्यों का विशिष्ट उत्पादन व बिक्री क्रियाओं के लिए किया जा सके।

(3) यह केन्द्र सरकार की स्वीकृति पर किसी भी अन्य संस्था को दीर्घकालीन ऋण दे सकेगा, ताकि कृषि व अन्य विकास को प्रोत्साहन दिया जा सके।

(4) यह 18 माह से 7 वर्ष के लिए मध्यमकालीन ऋण व सहकारी बैंकों व प्रादेशिक ग्रामीण बैंकों को कृषि व इनके रूप द्वारा निर्धारित अन्य कार्यों के लिए दिए जाएंगे।

(5) पुनर्वित के रूप में दीर्घकालीन ऋण भूमि विकास बैंकों प्रादेशिक ग्रामीण बैंकों, अनुसूचित बैंकों, राज्य सहकारी व अन्य वित्तीय संस्थाओं को कृषिगत व ग्रामीण विकास के लिए दिए जाएंगे।

इस बैंक को कृषि पुनर्वित एवं विकास निगम तथा राष्ट्रीय कृषि साख (दीर्घकालीन) कोष एवं राष्ट्रीय कृषि साख (स्थायीकरण) कोष के सभी कार्य हस्तान्तरीक कर दिए गए है।

ग्रामीण घरेलू ऋण का हिस्सा, भारत, 1951–1991 (प्रतिशत)

क्रेडीट एजेंसी	1951	1961	1971	1981	1991
सहकारी और वाणिज्यिक बैंक	5.7	10.3	24.4	58.6	58.8
सरकार और अन्य औपचारिक स्त्रोत	3.1	5.5	7.3	4.6	7.5
संभी संस्थागत एंजेसियाँ	8.8	15.8	31.7	63.2	66.3
पेशेवर और कृषक साहूकार	68.6	62.0	36.1	16.1	17.5
ट्रेडर्स		7.2	8.4	3.1	2.2
जमीदार		7.6	8.6	4.0	4.0
रिश्तेदार और मित्र	14.4	6.4	13.1	11.2	4.6
अन्य स्त्रोत	8.2	0.8	2.1	2.4	2.3
सभी गैर–संस्थागत एजेंसियाँ	91.2	84.0	68.3	36.8	30.6
स्त्रोत निर्दिष्ट नहीं है	0.0	0.2	0.0	0.0	3.1
कुल	**100**	**100**	**100**	**100**	**100**

वर्तमान में ऐसा अनुमान है कि लगभग 63.56 प्रतिशत ग्रामीण साख औपचारिक स्त्रोतों से और 36.4 प्रतिशत अनौपचारिक स्त्रोतों से आती है। औपचारिक स्त्रोतों में 3.61 प्रतिशत सरकार से, 25.37 प्रतिशत सहकारी संस्थाओं से और 71.02 प्रतिशत बैंकों से है। अनौपचारिक स्त्रोतों में जमीदार से 2.34 प्रतिशत साहूकारों से, 64.05 प्रतिशत दुकानदारों से 4.93 प्रतिशत, रिश्तेदारों और मित्रों से 24.03 प्रतिशत तथा अन्य स्त्रोतों से 4.65 प्रतिशत है।

2. उद्देश्य :–

1. ग्रामीण साख की पूर्ति किन–किन संस्थाओं द्वारा हो रही है, इसका अध्ययन करना।
2. ग्रामीण साख देने वाली संस्थाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना।
3. विभिन्न योजनाओं के द्वारा ग्रामीणों को मिलने वाले ऋण की जानकारी ज्ञात करना।
4. आजादी के बाद से ग्रामीण साख की पूर्ति में कितना और कैसे परिवर्तन हुआ है उसका अध्ययन करना।
5. ग्रामीण साख की पूर्ति करने वाले औपचारिक और अनौपचारिक स्त्रोतों की जानकारी हासिल करना।

3. शोध प्रविधि :–

प्रस्तुत शोध–पत्र विवरणात्मतक प्रवृत्ति के है, जिसमें केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा जारी विभिन्न ितीयक स्त्रोतों का प्रयोग किया गया है जिसमें विभिन्न शोध पत्रों, भारत सरकार की वार्षिक रिपोर्ट, इंटरनेट तथा ''भारतीय अर्थव्यवस्था'' नामक पुस्तक का प्रयोग किया गया है।

4. विषय विश्लेषण :–

ग्रामीण साख की पूर्ति मुख्यतः दो प्रकार के स्त्रोतों से की जा रही है। प्रथम औपचारिक स्त्रोत तथा द्वितीय अनौपचारिक स्त्रोत।

आजादी के बाद ग्रामीण साख में अनौपचारिक स्त्रोतों का महत्वपूर्ण योगदान था। साहूकार, महाजन व जमीदार आदि ग्रामीणों सदर से ब्याज वसुलते थे। किसानों को अनौपचारिक स्त्रोतों से ऋण आसानी से उपलब्ध हो जाते थे, उन्हें बिना किसी कागज कार्यवाही से ऋण मिल जाता था। लेकिन जैसे–जैसे देश में शिक्षा का प्रसार होता गया, वैसे–वैसे साख में अनौपचारिक स्त्रोतों का योगदान कम होता गया।

इसी तरह स्वतन्त्रता के बाद से ग्रामीण साख के औपचारिक स्त्रोतों का योगदान बढ़ता जा रहा है, क्योंकि लोगों में जागरूकता बढ़ने लगी है और औपचारिक स्त्रोतों ने भी अपनी ग्रामीण साख सम्बन्धी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया है। औपचारिक स्त्रोतों में सहकारी समितियों के योगदान भी अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

5. निष्कर्ष :–

1. भारत में वर्तमान में ग्रामीण साख की अधिकता औपचारिक स्त्रोतों से हो रही है। औपचारिक स्त्रोत भी अधिकांश ग्रामीण साख की पूर्ति बैंकों से हो रही है।
2. स्वतन्त्रता के बाद से ग्रामीण साख की अनौपचारिक स्त्रोतों की पूर्ति निरन्तर कम तथा औपचारिक स्त्रोतों से बढ़ रही है।
3. किसानों को उत्पादक कार्यों हेतु ऋण औपचारिक स्त्रोतों से और उत्पादक व अनुत्पादक कार्यों के अनौपचारिक स्त्रोतों से प्राप्त होते है।
4. ग्रामीण साख में कृषि के विकास हेतु अधिकांशः ऋण दिये जाते हैं।
6. ग्रामीण साख में नाबार्ड और सहकारी समितियों का योगदान भी बढ़ रहा है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. महेन्द्र कुमार शर्मा, महेन्द्र राणावत, मानिका दवे, वी.डी. दशोरा (2017) : ''भारतीय अर्थव्यवस्था'', हिमांशु पब्लिकेशन, उदयपुर।
2. रोहिताश चौधरी (2014) : ''भारत में कृषि ऋण : एक विश्लेषणात्मक अध्ययन''।
3. मिहिर शाह, रगू राव और पी.एस. विजय शंकर : ''20वीं सदी के भारत में ग्रामीण साख'', इतिहास और परिप्रेक्ष्य का एक अवलोकन।''
4. वाई. एस.पी. थोराट (2006) : ''भारत में ग्रामीण ऋण : मुद्दे और चिंताएं''।
5. आर्थिक समीक्षा 2018–2019

वेबसाइट –

(i) http://www.indianfarmer.org

(ii) https://ni.vikaspedia.in

(iii) https://books.google.co.in

(iv) Vedantu Learn Live Online

युगांतर अंतर्राष्ट्रीय शोध–पत्रिका
खंड–11, अंक–44, वर्ष–2022 (मार्च, 2022) आईएसएसएन : 2320–2467, आईएफः 5.4

संस्कृत साहित्य और रामकाव्य

– डॉ. मीना
सहायक प्राध्यापिका, संस्कृत विभाग
राजकीय कन्या महाविद्यालय,
सेक्टर–14, गुरुग्राम

हमारा साहित्य और हमारी संस्कृति हमेशा से ही हमारे आदर्शों एवं हमारे महापुरुषों के गौरव गान से ओत–प्रोत रहे हैं। वस्तुतः कवियों का मुख्य उद्देश्य न केवल उन आदर्श पुरुषों के जीवन की घटनाओं को उजागर करने से होता है बल्कि वह उनकी जीवनकथा के माध्यम से सम्पूर्ण समाज को कुछ नया सन्देश देना चाहता है। कवि की आन्तरिक मीमांसा कहीं न कहीं ये रहती है कि अगर किसी व्यक्ति का जीवन सामाजिक हुआ है तो अवश्य ही उसमें गुणों का समावेश हुआ होगा तो क्यूं ना अन्य सामाजिक प्राणी भी उनसे लाभान्वित हों। वे अपनी र चनाओं, अपनी कृतियों के माध्यम से मानव जाति के समक्ष उनके उज्ज्वल चरित्र को प्रस्तुत करते हैं। हिन्दी तथा संस्कृत में अनेक कवियों और नाटककारों के द्वारा रामकथा को लेकर बहुत सी रचनाएं लिखी जा चुकी हैं, जिनका उपजीव्य ग्रन्थ महर्षि वाल्मीकि कृत रामायण ही है। राम एक धीरोदात्त नायक हैं। राम समस्त सांसारिक आदर्शों के पूंजीभूत हैं।

रामकाव्य अथवा रामकाव्य परंपरा से हमारा अभिप्राय उन कवियों एवं काव्यों से है जिन्होंने रामकथा को अपने काव्य का विषय बनाया। रामभक्त कवियों ने राम को मर्यादा पुरुषोत्तम, महामानव एवं ईश्वर की उपाधि से अलङ्कृत किया है। महर्षि वाल्मीकिकृत रामायण जो संस्कृत भाषा में लिखी है, रामकथा का मूल स्रोत माना जाता है। रामायण को आदिकाव्य के नाम से विभूषित किया जाता है, जोकि 24,000 श्लोकों में निबद्ध है। रामकथा जैसे – जैसे विकसित हुई वैसे – वैसे वट वृक्ष के समान उसकी शाखाएं भी दूर – दूर फैल गई और इन शाखाओं से निकलकर भूमि में प्रविष्ट हो जाने वाली जड़ों ने हर स्थान पर 'यशोधरा' में कहा गया मैथिलीशरण गुप्त का निम्न कथन अत्यन्त सटीक तो है ही साथ में परंपरा की सार्थकता भी सुनिश्चित करता है –

राम तुम्हारा चरित स्वयं ही काव्य है ।
कोई कवि बन जाय सहज संभाव्य है ।।

संस्कृत – साहित्य में मर्यादा पुरुषोत्तम रामचन्द्र के पावन चरित्र से सम्बद्ध अनेक काव्य तथा अनेक नाटक हैं। प्रस्तुत शोधपत्र में रामकथा से संबंधित साहित्य का विवेचन कुछ मुख्य बिन्दुओं के अनुसार निम्न है –

- रामकथा का आधार – वाल्मीकीय रामायण
- महाभारत में रामकथा
- पुराणों में रामकथा
- साम्प्रदायिक रामायणों में रामकथा
- संस्कृत ललित साहित्य में रामकथा
- संस्कृत नाटकों में रामकथा
- संस्कृत कथा दृ साहित्य में रामकथा
- आधुनिक संस्कृत साहित्य में रामकथा

इस प्रकार हम देखते हैं कि संस्कृत – साहित्य में रामकथा का अपार भण्डार है। जिसमें गद्य, चम्पू, नाटक, महाकाव्य और कथा सभी रामकाव्य से ओतप्रोत है। संस्कृत – साहित्य में बहुत सा अंश वाल्मीकि रामायण का है तथा बहुत सी नवीनताएं भी स्थापित की गई हैं। प्रस्तुत शोधपत्र रामायण काल से लेकर वर्तमान तक रामकथा के सम्पूर्ण विकासक्रम को प्रस्तुत करने के उद्देश्य से लिखा गया है।

(1) वाल्मिकीय रामायण में रामकथा – आदिकाव्यमिदं त्वार्षं पुरा वाल्मीकिना कृतम्। वाल्मीकि रामायण ही वास्तव में रामकथा का मूल आधार है। रामकथा का परिपक्व एवं सधा हुआ रूप सर्वप्रथम रामायण में ही मिलता है। इसी रामकथा का प्रभाव समस्त राम साहित्य पर पडा। वाल्मीकि ने ही सर्वप्रथम स्फुट आख्यानों को संकलित कर कथा के सूत्र में पिरोया और विस्तृत महाकाव्य की रचना की।

रामकथा की दृष्टि से वाल्मीकि रामायण प्राचीनतम है तथा इसका रचनाकाल अनिश्चित है। भिन्न –भिन्न विद्वानों ने इसके बारे में भिन्न दृभिन्न मत प्रस्तुत किये हैं। सर्वप्रथम पाश्चात्य विद्वानों ने रामायण के रचनाकाल के सम्बन्ध में अपने मत व्यक्त किये हैं। पाश्चात्य विद्वान् रामायण की परिकल्पना दो भागों में करते हैं एक भाग वह है जिसकी वाल्मीकि ने रचना की थी, यही वाल्मीकि की प्रारंभिक रचना अथवा आदि रामायण कहलाती है तथा दूसरा रूप यह है जो अब प्रचलित है तथा लम्बे अन्तराल के परिवर्द्धनों के बाद प्राप्त हुआ है। इससे अतिरिक्त जो काल निर्धारित किया है उसमें समय सम्बन्धी अंतराल के कारण अत्यधिक विविधता है, जोकि तर्कों पर आधारित है। जैसे – ए० श्लेगल के अनुसार रामायण 11वीं शताब्दी ई० पू० की रचना है।[1] जी० गोरेसियो ने रामायण का रचनाकाल 12 वीं शताब्दी ई० पू० माना है।[2] एच० याकोबी प्रचलित रामायण का रचनाकाल दूसरी शताब्दी ई० पू० मानते हैं।[3] एम० विन्टरनित्स के अनुसार भी रामायण का यही काल है।[4] ए० बी० कीथ ने रामायण की रचना चौथी शताब्दी ई० पू० मानी है।[5] डा० बुल्के भी इसी मत से सहमत है।[6] इन सबका मतैक्य न होने से ये किसी एक निश्चित मत पर नहीं पहुंच पाए हैं। प्रचलित रामायण के तीन पाठ मिलते हैं – दाक्षिणात्य पाठ, गौडीय पाठ और पश्चिमोत्तरीय पाठ।

चूंकि संस्कृत साहित्य में रामकथा का अपार भण्डार है अतः सुविधा की दृष्टि से इसे दो भागों में बांट लेना उचित है।

(2) महाभारत में रामकथा – वाल्मीकि रामायण के अनन्तर महाभारत में ही रामकथा का विकास हुआ है। महाभारत के मुख्य 4 ऐसे स्थल हैं जहां रामकथा का वर्णन किया गया है – स्वर्गारोहण पर्व, आरण्यक पर्व, द्रोण पर्व तथा शांति पर्व। महाभारत में अन्यत्र भी वाल्मीकि और रामायण का उल्लेख आया है। महाभारत में रचित रामायण की मुख्य विशेषता यह है कि इसमें रामकथा का ऐतिहासिक रूप अधिक नहीं बदला है किन्तु धार्मिक भक्ति – भावना के कारण ऐतिहासिक पुरुष अवतारी राम बन गये। रामायण के विकास का यह एक महत्वपूर्ण सोपान है, रामायण के अनन्तर तथा महाभारत के पूर्व इस मध्यावधि में रामकथा का परिवर्तन किस प्रकार हुआ, यह कहना कठिन है। इसके पीछे संस्कृति का ही योगदान रहा है।

(3) पुराणों में रामकथा – भक्ति के विकास में अवतारवाद की प्रतिष्ठापना के साथ ही रामकथा का क्षेत्र विस्तृत होता गया। धार्मिक साहित्य के अन्तर्गत हरिवंश, अनेक महापुराण, योग वासिष्ठ रामायण, अध्यात्म रामायण आदि आते हैं। पुराणों में रामकथा – हरिवंश पुराण का रचनाकाल 500 ई० माना जाता है। इसमें रामकथा का संक्षिप्त उल्लेख मिलता है तथा दो ऐसे प्रसंग हैं जिनका कथा में वर्णन नहीं है। एक तो दशरथ के पुत्रेष्टि यज्ञ का तथा दूसरा अयोनिजा सीता का। विष्णु एवं भागवत महापुराण में भी रामकथा को स्थान मिला है। इनके अतिरिक्त कूर्म, वाराह, अग्नि, लिङ्ग, नारदीय, वामन, गरुड, ब्रह्म – महापुराणों तथा अन्य नृसिंह, वह्नि, महाभागव, कलिका, आदि, कल्कि पुराण आदि पुराणों में रामकथा का अंश पाया जाता है।

(4) साम्प्रदायिक रामायणों में रामकथा –

(क) योगवासिष्ठ रामायण – आठवीं शताब्दी के आसपास इसकी रचना मानी जाती है।[7] इसमें राम तथा ऋषि वसिष्ठ का संवाद है। इसे ही महारामायण, आर्ष रामायण, वासिष्ठ रामायण तथा ज्ञानवासिष्ठ आदि नामों से भी जाना जाता है। इसमें वसिष्ठ राम को मोक्ष प्राप्ति पर एक वृहद् उपदेश देते हैं। छः प्रकरणों तथा 32,000 श्लोकों से युक्त इस रामायण की मुख्य विशेषता यह है कि इसमें योग का प्रतिपादन होने के साथ – साथ कर्म तथा भक्ति का भी समावेश है। विद्वत्जनों के मतानुसार योगवासिष्ठ में सुख – दुःख, जरा – मृत्यु, जीवन – जगत्, जड – चेतन, लोक – परलोक, बन्धन – मोक्ष, ब्रह्म – जीव,आत्मा – परमात्मा, ज्ञान – अज्ञान, सत् – असत्, मन – इन्द्रियां आदि विषयों पर गंभीर एवं सूक्ष्म विश्लेषण मिलता है।

(ख) अध्यात्म रामायण – यह रामायण सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। 14 वीं – 15 वीं शताब्दी के लगभग इसका रचनाकाल माना जाता है। अध्यात्म रामायण भी योगवासिष्ठ के समान संवादात्मक है। अध्यात्म रामायण में घटनाओं की योजना इस प्रकार से की गई है कि वे राम के अलौकिकत्व को व्यक्त करती हैं। बाद की रामायणों पर भी इसका प्रभाव परिलक्षित होता है।

(ग) अद्भुत रामायण – अध्यात्म रामायण के बाद अद्भुत रामायण की रचना हुई। इसमें रामकथा को विस्तृत रूप देकर तीन भागों में प्रस्तुत किया है – रामावतार, वाल्मीकि रामचरित तथा सीता द्वारा देवी रूप में रावण का वध करना।

(घ) आनन्द रामायण – डा० कामिल बुल्के द्वारा इसका रचनाकाल सामान्यतः 15 वीं शताब्दी माना गया है। 9 काण्डों में विभक्त इस रामायण में 12252 श्लोक हैं । इसमें राम के उत्तरार्ध जीवन की कथा को अत्यधिक विस्तार प्राप्त है। इसमें मूल रामायण के कथांशों को आधार मान कर बहुत अधिक परिवर्तन किया गया है। रावण द्वारा कौशल्या हरण, सीता स्वयंवर में रावण की उपस्थिति, सीता द्वारा चंडी रूप में रावणवध, तथा वाल्मीकि के पूर्वजन्मों का वर्णन आदि अनेक ऐसे दृश्य हैं जो मूल रामकथा से पृथक् है।

(ङ) तत्वसंग्रह रामायण – इसकी रचना राम ब्रह्मानन्द ने 17 वीं शताब्दी में की थी। इस का मुख्य उद्देश्य राम के परब्रह्म रूप का प्रतिपादन करना है। रामभक्ति की दृष्टि से इस रामायण में राम की दास्य भक्ति के साथ – साथ राम की अद्वैत भक्ति को भी दर्शाया गया है।

(च) भुशुण्डी रामायण – यह रामायण मूल रामायण तथा आदि रामायण के नाम से प्रसिद्ध है इसमें पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण चार खंड हैं।

(छ) महारामायण – इसकी रचना जानकी जीवनदास ने वि० सं० 1945 में की थी। इसमें राम की सख्य भाव से उपासना की गई है।

(ज) वेदान्त रामायण – इसमें परशुराम के चरित्र का वर्णन किया गया है। इसमें राम के द्वारा वाल्मीकि जी से प्रश्न किया गया है कि परशुराम ने क्षत्रियों का नाश क्यों किया था। इसके अतिरिक्त मंत्र रामायण, संवृत्त रामायण, मंजुल रामायण, देव रामायण आदि ऐसी कई रामायण हैं जिनमें रामकथा आई है।

अन्य संस्कृत धार्मिक साहित्य में रामकथा –

इनसे अतिरिक्त जैमिन भारत, जैमिनीयाश्वमेघ, सत्योपाख्यान, बृहत्तकौशलखंड, धर्मखंड, हनुमत्संहिता आदि में रामकथा का सर्वथा परिवर्तित रूप दृष्टिगोचर होता है।

(5) संस्कृत ललित साहित्य में रामकथा – इसके अन्तर्गत महाकाव्य, नाटक, कथा साहित्य आदि आते हैं। जैसे महाकाव्यों में –

(क) रघुवंश – कालिदास द्वारा रचित लालित्यपूर्ण महाकाव्य रघुवंश की कथावस्तु 19 सर्गों में निबद्ध है रघुवंश में रामकथा का वर्णन 9 वें सर्ग से 15 वें सर्ग तक किया गया है । इसमें इक्ष्वाकुवंश के 29 राजाओं का वर्णन है। यह कथा वाल्मीकि रामायण पर आधारित है । किन्तु इसमें कुछ परिवर्तन अवश्य किया गया है ।

(ख) रावणवध अथवा सेतुबन्ध – इसके रचनाकार राजा प्रवरसेन है तथा इसका रचना समय पांचवीं – छठी शताब्दी के आसपास माना जाता है। इसमें रावणवध का वर्णन है जो कि 15 सर्गों में विद्यमान है। सेतुबन्ध में मछलियों द्वारा सेतु नष्ट करने का उल्लेख आया है इसमें वाल्मीकीय रामायण के प्रथम 6 काण्डों की कथा विद्यमान है। व्याकरण के नियमों के निरूपण के साथ – साथ यह रचना अलंकृत शैली की है।

(ग) भट्टिकाव्य अथवा रावणवध – छठी – सातवीं शताब्दी में रचित इस महाकाव्य के 22 सर्गों में युद्धकाण्ड तक की रामकथा आयी है। राम लक्ष्मण द्वारा खरदूषणादि राक्षसों के वध का वर्णन दर्शाया गया है।

(घ) जानकीहरण – आठवीं शताब्दी में कुमारदास द्वारा रचित इस महाकाव्य के 25 सर्गों में शृङ्गारात्मक वर्णन किया गया है । इसमें दशरथ तथा उनकी पत्नियों का जलक्रीडा विहार का प्रसंग है तथा राम एवं सीता के पूर्वानुराग का भी उल्लेख आया है।

(ङ) रामचरित – 9 वीं शताब्दी में अभिनन्द द्वारा रचित इस महाकाव्य में राम हनुमान को एक अंगूठी के अतिरिक्त एक नुपूर तथा स्तनोत्तरीय भी देते हैं। इसमें रावण के संभोग शृङ्गार का वर्णन विस्तार से आया है।

(च) रामायण मंजरी – क्षेमेन्द्र द्वारा रचित इस काव्य में समस्त कथा रावण की दृष्टि से कही गई है तथा इसमें रामायण के पश्चिमोत्तरीय भाग का वर्णन किया गया है।

(छ) दशावतार चरित – क्षेमेन्द्र द्वारा रचित यह 11वीं शताब्दी की रचना है जोकि 294 छन्दों में निबद्ध रामकथा से युक्त है।

(ज) उदार राघव – साकल्यमल द्वारा रचित यह 14वीं शताब्दी की रचना है। इसमें राम विलास वर्णन तथा शूर्पणखा वृत्तान्त प्रमुख है।

(झ) जानकी परिणय – यह चक्र कवि द्वारा रचित 17 वीं शती की रचना है जोकि 8 सर्गों में विभाजित है।

(ञ) राघवोल्लास – अद्वैत कवि द्वारा रचित यह कृति गोस्वामी तुलसीदास की समसामयिक है। यह रचना 12 सर्गों में विभक्त है।

(6) संस्कृत नाटकों में रामकथा – संस्कृत साहित्य में नाटक – साहित्य का समृद्ध रूप रहा है। रामकथा से संबंधित बहुत से नाटक रचे गये जिनमें से कुछ तो आधुनिक समय में उपलब्ध नहीं हैं। संस्कृत में आये नाटकों का वर्णन इस प्रकार है –

(क) प्रतिमा नाटक – कविवर भास द्वारा रचित यह नाटक छठी शताब्दी का है। इसमें राम के राज्याभिषेक की तैयारी के समय से लेकर भरत द्वारा राम को राज्य सौंपने तक की कथा कुछ नवीनताओं सहित विद्यमान है।

(ख) अभिषेक नाटक – इसमें किष्किन्धा काण्ड से लेकर युद्ध काण्ड तक की कथा का वर्णन है। इसमें राम के विष्णुत्व का तथा सीता का लक्ष्मी रूप में प्रतिपादन किया गया है।

(ग) महावीर चरित – भवभूति द्वारा रचित इस नाटक का समय आठवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध है। रामकथा का वर्णन करने वाले नाटकों में यह एक सशक्त नाटक है। 7 अङ्कों में निबद्ध इस नाटक में कुछ नवीन परिवर्तन मिलते हैं। इसमें राम – सीता विवाह से लेकर राम के राज्याभिषेक तक की कथा मिलती है। यथा – विश्वामित्र आश्रम में ही राम – लक्ष्मण और सीता – उर्मिला।[8]

(घ) उत्तररामचरित – यह करुण रस प्रधान नाटक है जिसमें भवभूति ने वाल्मीकि रामायण के उत्तरकाण्ड की कथा को चित्रित किया है। इसके सप्तम अङ्क में वाल्मीकि आश्रम में अयोध्या की जनता के सामने सीता – त्याग, कुश – लव जन्म प्रसङ्गों से युक्त एक वाल्मीकिकृत नाटक खेला जाता है। परिणामस्वरूप लोग सीता की निर्दोषता स्वीकार करते हैं तथा राम सीता और लव – कुश सहित घर लौटते हैं।

(ङ) उदात्तराघव – 8 वीं शती में अनङ्गहर्ष मायुराजकृत यह 6 अङ्कों की एक ऐसी रचना है जो अनेक नवीनताओं से युक्त है। इसमें सीता हरण की कथा बिल्कुल नये ढंग से प्रस्तुत हुई है।

(च) कुन्दमाला – कुन्दमाला राम के उत्तर जीवन पर आधारित है। इसके रचयिता के रूप में दिङ्गनाग का नाम लिया जाता है।

(छ) अनर्घराघव – मुरारि द्वारा रचित इस नाटक की रचना लगभग 900 ई० सन् के आसपास हुई थी। इसमें विश्वामित्र के आगमन से लेकर राम के अयोध्या प्रत्यागमन एवं अभिषेक तक की आई है।

(ज) बालरामायण – यह नाटक 10 वीं शताब्दी में राजराजेश्वर द्वारा रचित है । 10 अङ्कों में निबद्ध इस नाटक में सीता स्वयंवर से लेकर रामाभिषेक तक की कथा है।

(झ) हनुमन्नाटक –10 वीं शताब्दी में रचित यह नाटक 14 अङ्कों में विभाजित है। इसमें पूरे रामचरित को दर्शाया गया है।

(ञ) आश्चर्यचूडामणि – 9 वीं शताब्दी में यह नाटक शक्तिभद्र द्वारा रचित है। इस नाटक में शूर्पणखा आगमन से लेकर सीता की अग्नि परीक्षा तक की कथा विद्यमान है।

(त) प्रसन्नराघव – यह 12 – 13 वीं शती के आसपास जयदेव द्वारा रचित नाटक है। इसमें 7 अङ्कों में रामकथा वर्णित है।

(थ) उल्लासराघव – इसकी रचना 13 वीं शताब्दी में सोमेश्वर द्वारा की गई। इसमें बालकाण्ड से युद्धकाण्ड तक की कथा है। इनके अतिरिक्त अद्भुतदर्पण, जानकी परिणाम, मैथिली कल्याण, दूतांगद, रामाभ्युदय (अनन्दाचरण चूडामणि) आदि संस्कृत नाटक आए हैं।

(7) कथा साहित्य में रामकथा – संस्कृत साहित्य में महाकाव्य तथा नाटकों के अतिरिक्त कथा साहित्य में भी रामकथा आई है, परन्तु इसमें रामकथा का विस्तृत रूप नहीं मिलता है। कथा साहित्य की प्राचीन कथा गुणाढ्यकृत बृहत्कथा में रामकथा वर्णित हुई है। सोमदेव रचित कथासरित्सागर में भी 3 बार रामकथा आई है। 17 वीं शताब्दी में रचित वासुदेवकृत रामकथा में वाल्मीकि के 6 काण्डों की संक्षिप्त कथा है।

(8) आधुनिक संस्कृत साहित्य में रामकथा – अभिनन्द का रामचरितमहाकाव्य, कृष्णप्रसाद शर्मा धिमिरे का श्रीरामविलाप, कैलाशनाथ भटनागर का रामवनगमनम्, गौरी कुमार वर्मा का दशग्रीववधमहाकाव्यम्, त्रिपुरारिशरण पाण्डेय का रामामरचरितामृतम्, दशरथ द्विवेदी का जानकी जीवनमहाकाव्यम्, प्रतिमा शास्त्री का स्वातन्त्र्योत्तर युग में संस्कृत रामकाव्य, प्रभात शास्त्री का जानकीगीतम्, भि० वेलणकर का बालगीत रामचरितम्, मंगलदेव शर्मा का श्रीहनुमद्विजयम्, रमाशंकर तिवारी का वैदेह्या, राजेन्द्र मिश्र का जानकीजीवनम्, रामजी उपाध्याय का सीताभ्युदयम्, रामावतार मिश्र का देवीचरितम्, रेवाप्रसाद द्विवेदी का उत्तरसीताचरितम्, लछमन सिंह अग्रवाल का श्रीरामरासायनम्, विश्वनाथ सिंह जूदेव का सङ्गीतरघुनन्दनम्, श्रीरामभद्राचार्य का श्रीराघवाभ्युदयम्, सत्यव्रत शास्त्री का श्रीरामकीर्तिमहाकाव्यम्, शिवशंकर त्रिपाठी का रामकर्णामृतम्, हर्य्याचार्य का जानकीगीतम्, हरिनारायण दीक्षित का हनुमद्दूतम्, हरिहरानन्द का हनुमच्चरित्रवाटिका।

इस प्रकार हम देख सकते हैं कि आधुनिक समय में भी रामायणकथा अपने उच्चादर्श सांस्कृतिक विकास तथा वैज्ञानिक उत्कर्ष को मानव जीवन में मूल्यों से अभिसिक्त करके अभिप्रेरित कर रही है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची –

(1) ए० डब्ल्यू० श्लेगेल, जर्मन ओरियन्टल जर्नल, भाग – 3
(2) जी गोरेसियो, रामायण, भाग – 10, भूमिका
(3) एच० याकोबी, डास रामायण, पृ० 100
(4) एम० विंटरनित्स, हिस्ट्री आफ इंडियन लिटरेचर, भाग –1, पृ० – 517
(5) ए० बी० कीथ, दि एज आफ दि रामायण, ज० रा० ए० सो० 1915, 318 – 328
(6) डा० बुल्के, रामायण, पृ० – 34
(7) कल्याण संक्षिप्त योगवशिष्ठ अंक, जानकीनाथ शर्मा, पृ० – 5 , 6
(8) कृष्ण चौतन्य, अनु० – विनयकुमार राय, संस्कृत साहित्य का नवम् इतिहास, पृ० – 365 , 366
(9) संस्कृतसाहित्य का इतिहास, वाचस्पति गैरोला, चौखम्बा विद्याभवनम्, वाराणसी।
(10) संस्कृतसाहित्य का इतिहास, उमाशङ्करऋषिः, चौखम्बा भारती अकादमी, वाराणसी।
(11) संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास, डा. कपिलदेव द्विवेदी।
(12) संस्कृतसाहित्य का इतिहास, एस. के. डे.।
(13) History of Sanskrit Literature – M- Krishnammachari-
(14) प्राचीन भारतीय साहित्य प्रथम भाग, प्रथम खण्ड (हिन्दी अनुवाद), विटरनिट्ज, मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी।

अन्तर्जालस्रोतांसि –

- www-archive-org
- www-sanskrit-nic-in
- www-scribd-com
- www-sanskritbooks-org
- www-sanskritworlds-com
- www-sa-m-wikipedia-org
- sanskritdocuments-org
- sanskritlibrary-org

युगांतर अंतर्राष्ट्रीय शोध–पत्रिका
खंड–11, अंक–44, वर्ष–2022 (मार्च, 2022) आईएसएसएन : 2320–2467, आईएफः 5.4

''भक्ति आंदोलन व सामाजिक सुधार आंदोलनों का समाज पर प्रभाव''

– डॉ. श्रवण कुमार बरोड़
असिस्टेंट प्रोफेसर, समाजशास्
राजकीय महाविद्यालय सज्जनगढ़,
बांसावाड़ा, राजस्थान

प्रस्तावना – भक्ति आंदोलन व समाज सुधार पर अध्ययन करते समय भक्ति आंदोलन के जो समाज सुधारक थे चाहे वे कबीर, तुलसी, नानक, रैदास, महाप्रभु चैतन्य आदि हों। इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि ये सभी विचारक मुख्य रूप से धार्मिक नेता थे। और इनके द्वारा जो भी सामाजिक कार्य व समाज सुधार के कार्य किए गए हैं, वे धार्मिक उद्देश्य से ही किए गए हैं। किंतु यह कोई नई बात नहीं है, धर्म उस युग की नीव के समान है और कोई भी विचारधारा चाहे वह धर्म, विज्ञान से संबंधित क्यों न हो धर्म के प्रभाव से अछूती नहीं रही।

सामाजिक सुधार आन्दोलन इस तथ्य का प्रमाण है कि पूरा का पूरा पुनर्जागरण आन्दोलन धर्म के केन्द्र में रखकर छेडा गया। समाज में व्याप्त अनेको सामाजिक कुरीतियों, धर्म परिवर्तन, धार्मिक कट्टरता, जाति व्यवस्था, अनेको सामाजिक कुरीतियों पर भक्ति आन्दोलन के सामाजिक नेताओं द्वारा कुठाराघात किया गया। भक्ति आन्दोलन में समाज सुधार की भावना कहीं गहरे रूप में समाहित है। भक्ति आन्दोलन का अध्ययन जब भी किया गया, तो हमेंशा से ही इस बात पर विवादास्पद स्थिति बनी, कि ये सभी सामाजिक व धार्मिक विचारक नहीं है। कवि मात्र है। क्योंकि इन विचारकों ने अपने विचार कविता के माध्यम से प्रकट किए है। परन्तु उस युग में कविता विचारों को व्यक्त करने की प्रमुख माध्यम थी।

धर्म तथा समाज सुधार आन्दोलन – धर्म तथा समाज सुधार आन्दोलन का अध्ययन करते समय जैसे ही 13 वीं सदी में प्रवेश किया जाता है। तो यह बात सामने आती है कि 13 वीं सदी को हिन्दू सभ्यता का अंधकार युग कहा जाता है। इस युग में मुस्लिम सम्राज्य का विस्तार बहुत तेजी से हो रहा था। इस अंधकार युग में महान समाज सुधारक रामानन्द का जन्म 1299 में प्रयाग में कान्यकुब्ज ब्राहमण परिवार में हुआ।

इनका मूल उद्देश्य धर्म व भक्ति के माध्यम से समाज सुधार करना था। इन्होंने परस्पर भाई चारे की बात की हिन्दू–मुस्लिम एकता पर जोर दिया। आदमी का आदमी पर शोषण गलत बताया। जात–पात में व्याप्त कटुता को समाप्त करने का प्रयास किया।

इस उदारवादी दृष्टिकोण के कारण उनके शिष्य प्रत्येक जाति में से हुए जिन्होंने आगे चलकर समाज सुधार कार्य को अपने हाथों में लिया। उनके शिष्यों में मुख्य थे– रैदास 'चमार', कबीर 'जुलाहा', धन्न 'जाट किसान' सेना 'नाई', पीपा 'राजपूत' और कबीर को अपना शिष्य बनाकर उन्होंने हिन्दू–मुस्लिम समन्वयवादी दृष्टिकोंण का संदेश समाज को दिया। उनके विचार से प्रभावित होकर उत्तर भारत में कबीर, महाराष्ट्र में नामदेव और उनके उत्तराधिकारी पंजाब में नानक एवं बंगाल में चैतन्य ने समाज और धर्म सुधार कार्य को नई दिशा और कार्य करने की प्रेरणा प्रदान की।[1]

समाज सुधारक कबीर – कबीर अपने युग के कडे आलोचक थे। कबीर एक समाज सुधारक से अलग कुछ नहीं थे। तत्कालीन समाज की दुर्दशा देख पीडा से हृदय फटता था। समाज की विचलन प्रक्रिया से कबीर खिन्न रहते थे। बिखरे हुए समाज को एक सुंदर रूप देने के लिए निरंतर कार्य किया कि उनका प्रस्तावित समाज कैसा होना चाहिए।

क्रांतिकारी कबीर का आविर्भाव उस समय हुआ जब संपूर्ण भारतवर्ष पर मुस्लिम प्रशासन की स्थापना हो चुकी थी। हिंदुओं को गुलामों जैसा जीवन यापन करना पडता था। निर्धनता के कारण उनकी घर की स्त्रियां मुस्लिमों के यहॉ कार्य करके अपना पेट भरती थी। ऐसी स्थिति में क्रांतिकारी कबीर समाज सुधारक का जन्म 1425 ई. में एक विधवा ब्राहमणी के गर्भ में हुआ।[2]

1) **साम्प्रदायिकता का विरोध** – कबीर ने हिंदू मुसलमानों दोनो ही धर्मों के बाह्य आडंबरों पर कठोर कुठाराघात किया। उन्होंने बाह्य आडंबरों का जमकर विरोध किया। ईश्वर, अल्लाह से अंतर्मन से जुडने पर जोर दिया।

खुदा से अपनी बात खुद करो फिर इसके लिए किसी विशेष पहनावे या आचरण अपनाने की आवश्यकता नहीं है। न ही किसी प्रकार के बाह्य आडंबर की आवश्यकता है।

इसी प्रकार उन्होंने मुसलमानों के अन्य बाह्यचारों अजान, कुर्बानी तथा हज का विरोध भी किया। वे जाति व्यवस्था का विरोध करने से भी नहीं चूके, क्योंकि कबीर के समय जाति व्यवस्था कॉफी जटिल हो चुकी थी। इस व्यवस्था में शूद्रों की निम्नतम स्थिति थी। कबीर ने उनका डटकर विरोध किया –

ऊचें कुल का जनमिया, करनी ऊंच न होय ।

सुबरन कलश सुरा भरा, साधो निन्दा सोय ।[3]

ii) **मानयतावादी कबीर** – संत कबीर मानवता के पुजारी थे हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, यहूदी किसी भी धर्म को मानने वाले हो सबमें एक ही धारा प्रवाहित करते थे – मानवता की धारा।

कबीर का सशख्त मत था, कि मानव का मानव पर शोषण समाप्त हो। जो मानव है वे सभी एक ही पिता की संतान है। इसी कारण कबीर शोषक व शोषित का भेद मिटाकर साम्य स्थापित करना चाहते थे। मानव वह है जो पीडित मानव की पीडा को मानवता से समझें न कि धर्म व सम्प्रदाय से। कबीर को मानव कल्याण के लिए समाज से जो भी प्राप्त हुआ उसे स्वीकार किया और शेष को अस्वीकार सम्पूर्ण जीवन कबीर ने भाई चारे व मानवता की बात पर ही जोर दिया। पाखंड जात–पात छोटा बडा इन बातों का कबीर ने कभी समर्थन नहीं किया।

मातृ–पिता बालकन्ह वंहि

उदर भाई सोई पाठ पढ़ावहिं ।

देवस्थलों एवं तीर्थो की दशा चिंतनीय थी। वे नाना प्रकार के छद्म तथा अनाचार के अड्डे हो गए थे। ऐसा प्रतीत होता था मानो कलयुग अपने दल–बल सहित वहां किला बन्दी कर रहा है।''[4]

निष्कर्ष – मध्य युगीन भारतीय समाज और समाज सुधार आंदोलन का विश्लेषण करकर इस निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है कि इस युग में समाज सुधार के महत्वपूर्ण तथ्य सामने आएँ। इन प्रयासों द्वारा समाज को बदला भी गया व समाज की समाज में व्याप्त जटिल बीमारियों जात–पात साम्प्रदायिकता बाह्य धार्मिक आडम्बरों से मुक्त कराने के प्रयास किए गए। मानवता को सर्वोपरि रखा गया। सामाजिक कुरीतियों पर जोरदार कुठाराघात किया गया। एक समतामूलक मानवतावादी समाज की स्थापना करने का प्रयास किया गया।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1.	सिंह वी.एन. सिंह जनमेजय	भारत में सामाजिक आन्दोलन	पृष्ठ क्रं. 76 पृष्ठ क्रं. 77
2.	सिंह वी.एन. सिंह जनमेजय	भारत में सामाजिक आन्दोलन	पृष्ठ क्रं. 77
3.	सिंह वी.एन. सिंह जनमेजय	भारत में सामाजिक आन्दोलन	पृष्ठ क्रं. 79
4.	तुलसी दास	दोहावली दो	पृष्ठ क्रं. 558

युगांतर अंतर्राष्ट्रीय शोध–पत्रिका
खंड–11, अंक–44, वर्ष–2022 (मार्च, 2022) आईएसएसएन : 2320–2467, आईएफः 5.4

संत नितानन्द का नारी चिन्तन

– डॉ. कृष्णा मल्हान
एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग,
राजकीय महाविद्यालय से.–9,
गुरुग्राम

संक्षेप –

सन्त नितानन्द मध्यकालीन निर्गुण काव्य–परंपरा की आधुनिक कड़ी हैं। सभी सन्तों ने नारी के प्रमदा रूप की निन्दा की है और पतिव्रता नारी की प्रशंसा। संत नितानन्द ने भी अपनी वाणी में भक्त नारी की स्तुति की है और कामिनी नारी जो भक्ति के मार्ग में बाधक है उस रूप की आलोचना की है।

प्रस्तावना –

सन्त नितानन्द की वाणी 'सत्य–सिद्धान्त–प्रकाश' में नारी विषयक धारणा वही है जिसे सभी सन्तों ने स्वीकार किया है। इनका नारी के प्रति स्वस्थ दृष्टिकोण है। भक्त नारी इनके लिए वंदनीय है और साधना के मार्ग में बाधा डालने वाली नारी का कामिनी रूप निंदनीय है।

कई विद्वान संतों को नारी–निंदनीय मानते हैं। किन्तु सम्यक् अध्ययन से पता चलात है कि संतों का नारी के प्रति बहुत उच्चकोटि का भाव है। इस तथ्य से सभी अवगत हैं कि अधिकांश सन्त सद्–गृहस्थ हुए हैं। इनके भी पत्नी एवं बच्चे रहे हैं। सन्त व्यावहारिक जीवन में नारी को पत्नी, बहन, माता और पुत्री रूप में यथायोग्य सम्मान देते रहे हों औरकथनी के स्तर पर उनकी निन्दा करते रहे हों, यह सम्भव नहीं है। कम से कम सन्तों के विषय में तो यह मान ही नहीं सकते। कारण कि सन्तों की कथनी और करनी में साम्य होता है। करनी और रहनी कुछ और, कथनी कुछ और यह बात सन्तों के आचरण के विरूद्ध ठहरती हैं। ये तो कथनी और करनी में भेद सहन ही नहीं कर सकते। दूसरी ओर बात जो इनकी बानी में देखने पर स्पष्ट तौर पर सामने आती है वह यह कि सभी सन्तों ने पतिव्रता, भक्त–माता तथा भक्त–नारी के रूप में नारी को वन्दनीय माना है। इतना ही नहीं पतिव्रता नारी तो इनके लिए एकनिष्ठ भक्ति के लिए आदश–रूप रही है। अनेक भक्त–नारियों का उल्लेख इनकी बानी में आया है और ये उन्हें प्रणम्य रूप में स्मरण करते हैं। सन्तों ने केवल नारी के प्रमदा–रूप की ही अवहेलना की है। नारी का कामिनी–रूप इन्हें इनकी भक्ति में बड़ी बाधा लगता है। इसके प्रति दुर्निवार आकर्षण इन्हें बहुत खलता है। नारी के इसी रूप से बचाव के लिए सन्त सामान्य मनुष्य को चेतावनी देते हैं। जहाँ सचेत करने ी बात हो वहाँ सामान्य बात को भी प्रभावशाली बना कर कहना होता है और समझाते–समझाते थोड़ा कहीं सन्त क्षुब्ध तथ कट भी हो जाते हैं। क्योंकि संतों का तो इस संसार और सांसारिकता की अच्छाई और बुराई नापने का एक ही निकष है कि जो कोई भी इनकी भक्ति में बाधक बनता है वह इन्हें पूर्णतया अस्वीकार है, इसमें नारी ही क्यों कामी नर की भी खूब भर्त्सना करते हैं। पुत्र, पिता एवं बन्धु–बान्धव जो भी इनके भक्ति–भजन में बाधक बनते हैं, वह इनके अपने नहीं हैं, उससे उनका कोई सम्बन्ध नहीं है। नारी के प्रमदा रूप के प्रति अधिक बरस पड़े हैं, शायद इन्हें यह सब बन्धन–स्वरूप अधिक खलता हो। इस कारण यदि आलोचना थोड़ी अधिक हो गई हो तो इससे इन्कार नहीं किया जा सकता।

''माथा' के संदर्भ में सन्तों की नारी निषयक धारणा का उल्लेख करते हुए डॉ. राजदेव सिंह का कहना है कि व्यवहारिक और आध्यात्मिक जीवन की सर्वाधिक बलवती बाधा 'काम' है। वैसे तो सभी इन्द्रियों के विषयों का ग्रहण काम के अन्तर्गत होता है पर अपने विशिष्ट अर्थ में यह काम स्त्री–पुरुष–विषयक आसक्ति का वाचक है। सन्त इस काम के कट्टर विरोधी हैं। ..... और चूंकि स्त्री काम का सर्वाधिक प्रबल शस्त्र है, अतः यह सबसे भयंकर है। .....नारी की यह सारी बुराई उसकी काममयता के कारण है और काममयता माया है इसीलिए नारी भी उनके मत से माया है सो त्याज्य है।[1]

इसी मत को और अधिक पुष्ट करते हुए डॉ. मन मोहन सहगल का कहना है कि निन्दा अथवा तिरस्कार का स्वर नारी के लिए न हो कर नारी के कारण जिस पथ भ्रष्टता एवं वासना का उदय होता

है, उसी के लिए है। यौनाकर्षण मात्र का विरोध तो युग–युग से होता आया है। वैदिक ऋषियों, उपनिषद्कारों, शस्त्राज्ञों, योगियों–सिद्धों, सन्त–महात्माओं आदि सबने नारी के काम–विषयक रूप की ही भर्त्सना की है। नारी के सात्विक रूप की निंदा किसी भी धर्म–शास्त्र में नहीं मिलती है।[2] नारी के प्रमत्त रूप तथ इसके विषैले प्रभाव का उल्लेख करते हुए नितानन्द जी का कहना है कि यह विषैली नागिन है, तीनों लोक इसके विषय–दंश से प्रभावित हैं, केवल हरिचरण–शरण में ही इसके विषय से बचा जा सकता है।[3] यह ऐसी नागिन है जिसका विषय–दंश बाहर ही नहीं दिखता, यह भीतर से डसती है। इसके विषय–दंश की कोई औषधि–उपचिार नहीं है।[4]

जो अज्ञानी होते हैं वे इसे जहर जानकर भी बड़े चाव से अमृतोपम जान कर इसका भोग करते हैं। नितानन्द का कहना है कि जो बड़े चाव से इस चहर को खाते हैं, वे तो मरेंगे ही। नीचे लिखी साखी इसी आशय को निर्देशित कर रही है, यथा–

जहर जान अज्ञान नर, अमृत ठहराई।
नितानन्द वे मर गए, जिन हित कर खाई।।[5]

कामी मनुष्य की क्या दुर्गति होती है इसका उल्लेख करते हुए नितानन्द जी का कहना है कि कामी नरक का कीडा होता है, नरक में रहता है तथा अमृत छोड़ विष का भक्षण करता है। यह कामी मनुष्य यों ही जन्म गंवाता है, यथा–

कामी कीड़ा रम रहया, नरक कुंड में मोंहि।
नितानन्द अति प्रीत से, बहे मूल में जाहि।।[6]

नितानन्द जहाँ नारी के कामिनी रूप के प्रति कटु और रूखे हैं वहीं भक्त–माता के प्रति श्रद्धा से नताशीर हैं, यथा –

भक्ति करावै पुत्र पै, नितानन्द सो माय।
और नार सम नागनी, वहे जने वही खाय।।
जिन तै हरिजन उपजै, तिन को नार न जान।
नर–नारी सम भक्त हैं, जिनके अन्तर ध्यान।।[7]

इसी प्रकार पतिव्रता नारी को भी नितानन्द जी वन्दनीय मानते हैं, यथा –

जो कुछ पति आज्ञा करे, धरे आपने सीस।
सो नार सुलक्खनी, मिलै ताहि जगदीश।।[8]

पतिव्रता नारी नितानन्द जी के लिए एकनिष्ठ भक्त की परिचायिक है। पतिव्रता के शील एवं चरित्र का आख्यान प्रस्तुत करते हुए इनका कहना है कि–

तन सुबुद्ध मन निर्मलता, अन्तर्गत में ध्यान।
नितानन्द सुन्दर सुघड़, पतिव्रत अंग पिछान।।[9]

सच्चा साधक और पतिव्रता एक से होते हैं। नितानन्द जी के अनुसार उनकी रहनी अगाध और अनुपम होती है, यथा–

अगम पन्थ को पग धरें, पतिव्रता और साध।
नितानन्द सब जगत में, उनका पत्न अगाध।।[10]

पतिव्रता को नितानन्द जी कितना मान–सम्मान देते हैं इसका अनुमान सहजता से निम्न साखी के माध्यम`स लगाया जा सकता है, यथा–

पतिव्रता के चरण की, धरूँ सीस पर धूर।
सभी दासन की दास मैं, नितानन्द अति कूर।।[11]

पतिव्रता को किसी श्रृंगार अथवा प्रसाधन की आवश्यकता नहीं है, उसका चरित्र एवं शील ही उसका श्रृंगार है। निम्न साखी इसका निदर्शन है, यथा –

सीलवन्त लज्जा भरी, बिन नम्बोल मुख लाल।
नितानन्द हर उस बसै, हय पतिव्रताचाल।।[12]

सन्त नितानन्द जी ने अनेक उन पतित नारियों के भी विवरण प्रस्तुत किए है जो भक्त–नारियाँ बन गई हैं। वे सब उनके लिए प्रणम्य एवं वंदनीय हैं। उपर्युक्त विवेचन से सन्त नितानन्द जी की नारी विषय धारणा पूरी तौर पर स्पष्ट हो जाती है। नारी के कामिनी रूप को यदि इन्होंने गर्हित समझा तो पुरुष के कामी रूप को भी इन्होंने अत्यन्त घृणित माना है।

सन्दर्भ ग्रन्थ –

1. सन्त साहित्य : पुनः मूल्यांकन : राजदेव सिंह, पृ. 181
2. गुरुग्रन्थ साहिब : एक सांस्कृतिक सर्वेक्षण, मनमोहन सहगल, पृ. 595
3. सत्य–सिद्धान्त– प्रकाश, सा. 5, पृ. 173
4. सत्य–सिद्धान्त– प्रकाश, सा. 6, पृ. 173
5. सत्य–सिद्धान्त– प्रकाश, सा. 83, पृ. 182
6. सत्य–सिद्धान्त– प्रकाश, सा. 104, पृ. 182
7. सत्य–सिद्धान्त– प्रकाश, सा. 124, पृ. 184
8. सत्य–सिद्धान्त– प्रकाश, सा. 6, पृ. 90
9. सत्य–सिद्धान्त– प्रकाश, सा. 23, पृ. 92
10. सत्य–सिद्धान्त– प्रकाश, सा. 52, पृ. 95
11. सत्य–सिद्धान्त– प्रकाश, सा. 99, पृ. 99
12. सत्य–सिद्धान्त– प्रकाश, सा. 90, पृ. 98

ROLE OF INDIAN INVESTORS IN INDIAN STOCK MARKETS

Dr. Suman Ahlawat
Associate Professor(English)
Government PG College, Sector 9,Gurugram, Haryana

Abstract

Indian investors play an extremely significant role in the Indian stock markets. The changes that have occurred in the last 15 years changed the whole outlook and functioning of the Indian stock market. Various policy changes, technology shifts, stringent compliance norms and transparency have boosted the Indian investors' confidence and willingness to participate in the stock markets. The present study focuses on how the participation of Indian investors has changed and will change their role in the Indian stock markets.

Key-Words : Indian Stock Markets, Indian Investor, Equity Investment, Household Savings

It is a well-known fact that the financial markets have been a long – standing determinant in the overall economic development of any country. Stable and mature capital markets, both primary and secondary, create efficient capital raising opportunities for companies and also assist in channelizing domestic savings towards capital formation. Uncertain outlook for the global economy has further amplified the importance of Indian investors to finance our country's GDP growth.

The Indian stock market has come of age and has substantially aligned itself with the global order. Today, we have one of the most modern securities market among all the countries in the world. However the development of capital markets poses its own challenges. If not managed properly, rapid growth can make the markets vulnerable to fraud, volatility, excessive speculation and misuse by select parties. Capital markets ride on the savings of small and often uninformed retail investors, directly or indirectly. For policy makers, the challenge hence is to strike a balance between the pace of growth and conservatism to ensure transparency and robustness in growth.

The Indian capital markets have evolved dramatically over the last two decades. But we have a long way to go. The total market cap of all the Indian companies is nearly 65% of the GDP today as compared to the USA at nearly 90% and UK at about 150%. Even starker, the total Debt Capital Market in India is only 34% of GDP as compared to China at 49% and USA at 177%.

India has a very high household savings rate. If one was to segment the savings, nearly 50% of all the savings is in physical assets like real estate and gold, with the remaining 50% in financial assets, of which equity (both direct and through mutual funds) is a small percentage, just less than 4% of total household savings.

An important feature of the development of stock market in India in the last two decades has been the growing participation of institutional investors, mainly Foreign Institutional Investors (FIIs). But the investment made by FIIs is not very long term in nature (except investments by foreign pension funds etc.) , it continuously search for better returns and if any other country or region is in a position to give better returns, they reduce investments in India and move their investments to that region. Following are the figures for last 23 years :

FII investment details (in INR crores)

Financial year	Equity	Debt	Total
1992-93	13	0	13
1993-94	5127	0	5127
1994-95	4796	0	4796
1995-96	6942	0	6942
1996-97	8546	29	8575
1997-98	5267	691	5958
1998-99	-717	-867	-1584
1999-2000	9670	453	10122
2000-01	10207	-273	9933
2001-02	8072	690	8763
2002-03	2527	162	2689
2003-04	39960	5805	45765
2004-05	44123	1759	45881
2005-06	48801	-7334	41467
2006-07	25236	5605	30840
2007-08	53404	12775	66179
2008-09	-47706	1895	-45811
2009-10	110221	32438	142658
2010-11	110121	36317	146438
2011-12	43738	49988	93726
2012-13	140033	28334	168367
2013-14	79709	-28060	51649

Looking at the figures it is evident that Indian capital markets are heavily dependent on FII money. The role of Indian investors become more relevant in such circumstances. They can play a vital role in making our capital markets more self reliant so that proper balance can be maintained. To do so it is important that investment in capital markets should be increased and equity culture is promoted among Indian investors. A brief understanding of factors, to increase Indian investors participation in the Indian capital markets are set out below :

PROTECTION OF INVESTORS RIGHTS

A strong investor protection regime goes a long way in limiting the abuse by corporates.The investor protection regime in India India has its basis in the establishment of SEBI, as is evident from the preamble to the SEBI Act, 1992, which states that SEBI was established with the primary goal of investor protection. Disgorgement of ill- gotten gains in 2006 IPO scam by SEBI is an important milestone in this area. The recent Sahara order is also of significance where Supreme court has directed Sahara to refund INR 24000 crores raised by two of its group companies without compliance with the public issue process.

Apart from the above investor awareness program are also frequently undertaken by the regulator, exchanges and other institutions, to build stronger foundations for investor protection and education in the Indian markets. Recently, SEBI has also sought to offer additional protection to retail investors by proposing a mandatory safety net mechanism for

specified securities in public issues. The SEBI (framework for rejection of draft offer documents) order, 2012 entitles SEBI to weed out undesirable or ineligible public offers.

CORPORATE OWNERSHIP STRUCTURE

It is fairly common in India for large corporate groups, with a wide network of businesses and inter-linked structures to remain controlled by a small group of persons. To ensure transparency from a corporate governance perspective, especially in such companies, Indian law has put in place a number of checks and balances. For instance, the Companies Act requires every director of a company to make disclosure of the nature of his concern or interest in a contract or arrangement (present or proposed) entered by or on behalf of a company. A significant step in this regard was also taken by introduction of independent directors in India. Based on the recommendations of Kumar Mangalam Birla committee, clause 49 was incorporated in the listing agreement, which enshrined the basics of independence of directors. It noted that independence of the board is critical in ensuring that the management fulfils its oversight and role objectively and holds itself accountable to the shareholders.

CORPORATE TRANSPERENCY

Corporate transparency enables informed decision making by investors and can be achieved by mandating adequate disclosures from companies. Ranging from disclosures in offer document for accessing public funds, up until disclosures on an on-going basis about material events, financial performance, insider trading and take over code, filing etc., sea changes has been brought about in the disclosure regime in India and it is now comparable to the best, globally. Besides information dissemination, corporate transparency has also been achieved and made effective by electronic portals like MCA21 as well as websites of stock exchanges, which have not only simplified filing but also made access to data simpler and more efficient.

ENHANCING INVESTORS AWARENESS

The lack of awareness or the amount of ignorance about capital markets in India is incredible. Among the households (89%) that did not invest in the capital markets (as per SEBI survey), nearly 41% felt that they had inadequate information about financial markets and lacked investment skills. This perception was prevalent across various income groups and education categories. In addition, a stunning 16.5% of the most educated and 16% of the upper middle and upper income groups thought that investments in the capital markets were not safe. It is this ignorance that needs to be addressed.

CREATING A VALUE PREPOSITION FOR THE INVESTORS THROUGH PRODUCTS AND PERFORMANCE

The next factor that needs to be looked at is that of a clear value proposition for investors. And this has to address two simple levers – (i) performance/ returns ; and (ii) meeting a specific customer need. While the base product is equity, there are multiple product variants – growth versus value equity, ETFs versus actively managed equity funds, SIPs versus lump sum investments, portfolio managed services (PMS) and structured products. And in each of these cases, the important element of the proposition has to be performance / returns commensurate with the risk that the customer is taking. This obviously pre- supposes a certain base investor awareness.

ENSURING AN ACTIVE AND PROESSIONAL DISTRIBUTION NETWORK

The Indian market today has three key distribution channels for equity mutual funds and direct equity- distributors, banks and independent financial advisors. With recent regulatory changes large distributors with scale and negotiation ability have negotiated better terms and are in a position to survive. Going forward, banks and distributors will evolve to meet customer requirements. But it is more an evolution than a revolution.

FAVOURABLE TAX REGULATIONS

The tax regime has always been favourable for equity investments – both direct and mutual funds. This is going to have to continue, because India really needs the risk capital. In summary, while the market has evolved significantly over the past decades, it is as always a case of the glass half full versus the glass half empty. India has a long journey to continue. It will need multiple entities , SEBI, Ministry of Finance, AMCs , industry bodies etc to work together on multiple fronts, else the pot of gold will remain elusive.

INTRODUCING BONDS WITH TAX INCENTIVES

It is clear from the data given in earlier point that Indians are great savers but poor investors. Increased allocation to physical savings is also proving the point that financial savings probably have not given adequate real return to Indian households. Inadequate real return on financial savings is mostly hitting the retail investors. Corporate bonds can provide adequate real returns to investors. Historically, bonds having tax benefits have been introduced by the central government for domestic investors and entities permitted have included a select group of public sector entities or NBFCs in the infrastructure finance sector.

In 2010 a new section 80CCF was introduced under the IT Act that provided income tax deduction of INR 20000 in addition to INR 100000 available under other provisions at that time for claiming tax deductions for investments made in the long term infrastructure bonds. 80 CCF bonds should be re-introduced with modifications such as increased no. of eligible issuers, broader base of domestic investors.

INCREASED RETAIL INVESTMENT IN CORPORATE BONDS

Inarguably, the development of the corporate bond market is the key to the creation of a mechanism to finance corporate and infrastructure projects and, thereby, lower the dependence on banks. In addition to focus on the institutional segment, there should also be a concerted effort to attract retail investments into the debt markets. The Indian investors has historically shown a preference to guaranteed return products such as bank deposits. Given the retail investors appetite for guaranteed return products, corporate bonds and money market instruments such as CPs and CDs represent competitive alternatives along with bank deposits. Retail investments through these avenues would also do well to broaden the markets. Products from indirect channels such as mutual funds are simple and efficient vehicles for participation in these markets as well. They offer products across investor needs such as liquidity, capital appreciation, flexibility, target maturity etc. which help investors plan their finances better.

CONCLUSION

The Indian stock markets have really come of age, changes in the last two decades have made the markets global in nature and working. Indian markets are heavily dependent on FIIs and to reduce its dependence Indian investors participation needs to be increased multi fold. In order to do so households need to divert their savings from physical assets to financial assets. Indian investor is and will become a force to reckon with by improving upon various factors as discussed in this paper.

REFERENCES

Indian Securities Markets Review 2014, NSE Mumbai

Report of High Level Committee on Financial Sector Reforms, September 2008
SEBI website : www.sebi.gov.in

Durnev, Art, et al, (2004) "Capital Markets and Capital Allocation: Implications for Economies of Transition", Vol. 12 (4), 593-634

युगांतर अंतर्राष्ट्रीय शोध–पत्रिका
खंड–11, अंक–44, वर्ष–2022 (मार्च, 2022) आईएसएसएन : 2320–2467, आईएफः 5.4

बाल अपराध – परिवार एवं साथी समूह की भूमिका

डॉ. हेमलता माहवार
एसिस्टेंट प्रोफेसर
सामाजिक विज्ञान विभाग
महाराणा प्रताप, सरकारी पीजी कॉलेज,
छत्तीसगढ़, राजस्थान

सार संक्षेप –

जब किसी बच्चे द्वारा कोई कानून–विरोधी या समाज विरोधी कार्य किया जाता है तो उसे बाल अपराध कहते हैं। इस आधार पर किसी भी राज्य द्वारा निर्धारित आयु सीमा के अन्तर्गत बालक द्वारा किया गया कानून विरोधी कार्य बाल अपराध की श्रेणी में आता है। समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से बाल अपराध में समाज एवं साथी समूह की भूमिका को अति महत्वपूर्ण माना गया है और बालक के असामाजिक व्यवहारों को इस श्रेणी में लिया गया है। जिस परिवार में माता–पिता या परिवार के अन्य सदस्य अनैतिक कार्य करते हैं, ऐसे परिवार के बच्चों का झुकाव अपराध की ओर बढ़ जाता है। उसी प्रकार बालक के मित्र अच्छे हैं तो बालक अच्छी आदतें सीखता है और बुरे हैं तो उन बुरी आदतों को सीख जाता है।

प्रस्तावना –

वर्तमान समय में अपराधी–व्यवहार के क्षेत्र में जिन समस्याओं को सर्वाधिक महत्व दिया जा रहा है, उनमें बाल अपराध की समस्या प्रमुख है। बाल अपराध की समस्या एक सामाजिक समस्या ही नहीं अपितु मनोवैज्ञानिकों के लिए भी गंभीर विचार का प्रश्न बनी हुई है। विश्व के समस्त देशों में बाल अपराध में निरन्तर वृद्धि हो रही है। जब समाज एवं देश की विकास की बात हो रही हो, तब यह समस्या हमारे विकास के रास्ते अवरुद्ध कर देता है। आयु की दृष्टि से 18 वर्ष तक की आयु में अपराध करने वाले बालक को बाल अपराधी माना गया है, जिसे किसी कानून का उल्लंघन करने पर न्यायिक कार्यवाही के लिए बाल–न्यायालय के समक्ष उपस्थित किया जाता है। जब किसी बच्चे द्वारा कोई कानून–विरोधी या समाज विरोधी कार्य किया जाता है तो उसे बाल अपराध कहते हैं। इस आधार पर किसी भी राज्य द्वारा निर्धारित आयु सीमा के अन्तर्गत बालक द्वारा किया गया कानून विरोधी कार्य बाल अपराध की श्रेणी में आता है। समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से बाल अपराध में समाज एवं साथी समूह की भूमिका को अति महत्वपूर्ण माना गया है और बालक के असामाजिक व्यवहारों को इस श्रेणी में लिया गया है। जिस परिवार में माता–पिता या परिवार के अन्य सदस्य अनैतिक कार्य करते हैं, ऐसे परिवार के बच्चों का झुकाव अपराध की ओर बढ़ जाता है। उसी प्रकार बालक के मित्र अच्छे हैं तो बालक अच्छी आदतें सीखता है और बुरे हैं तो उन बुरी आदतों को सीख जाता है। एक बालक को अपराधी तभी माना जाएगा जब वह ऐसे कार्य के लिए दोषी माना जाए जिससे एक समूह या समाज को हानि पहुँचे तथा इसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करना आवश्यक हो।[1] **(वी. रीता – 2010)**

प्रत्येक समाज में सांस्कृतिक आदर्शों के अनुरूप मान्य–व्यवहार होते हैं।यह व्यवहार समाज के सांस्कृतिक आदर्शों की प्राप्ति एवं सामाजीकरण में सहायक होते हैं और इन्हीं के द्वारा समाज का संतुलन बना रहता है, लेकिन जब बालक इन सामाजिक प्रतिमानों के विरुद्ध आचरण करने लगता है या उनके कार्यों से किसी भी प्रकार से हिंसा या किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न हो रही हो तो इसे सामाजिक विचलन माना जाता है, जिससे सामाजिक संतुलन डगमगाने लगता है और बालक अपराध की ओर अग्रसर होने लगते हैं। उनके इस अपराध में परिवार एवं उनके साथी समूहों की विशेष भूमिका रहती है, क्योंकि बालक की प्रथम पाठशाला परिवार एवं साथी समूह ही होता है। बालक को अपराध की ओर धकेलने में एक ही कारक प्रभावी नहीं होता, यह उन परिस्थितियों पर भी निर्भर करता है जब कोई बालक प्रभावित हो कर अपराधी व्यवहार करने लगता है। (राम आहूजा – 2000)

परिवार –

बच्चों को आवश्यकता से अधिक लाड़–प्यार या अधिक अनुशासन में रखना दोनों ही अवस्था में बालक के कुसमायोजित होने की आशंका होती है। (मंजू कुमारी – 2000)

परिवार एक सामाजिक संस्था के साथ ही कार्यात्मक इकाई भी है। बालक की सभी आवश्यकताएँ परिवार में ही पूर्ण होती है। परिवार ही अपने सदस्यों के मूल्यों का निर्धारण करता है एवं बालक में आदर्श नागरिक, एक सामाजिक प्राणी बनाने में सहयोग करता है। यदि किसी कारणवश परिवार अपनी भूमिका ठीक प्रकार से नहीं निभा पाता तो बालक में निराशा एवं असंतोष की भावना उत्पन्न हो जाती है और उनका सांवैगिक संयोग बिगड़ जाता है। फिर बालक के मन में परिवार का महत्व कम होने लगता है। परिवार के मूल्य, आदर्श एवं प्रतिमान आदर्शहीन लगने लगता है और इसी निराशा के रहते बालक का व्यवहार परिवर्तित होने लगता है, बालक को इन सबके विरुद्ध कार्य करना अच्छा लगने लगता है और यहीं से अपराध का जन्म होता है। बालकों को उनके अभिभवकों के नियंत्रण में रखना उनको अपराधिक बनाने मदद करता है।[4] (वाकर निगल – 1973)

साथी–समूह –

बालक के व्यक्तिव के विकास में परिवार के बाद दूसरा सहायक समूह उसके साथी–समूह होते हैं, जहाँ वे साथियों साथ खेल के अलावा अपने अनुभवों को भी साझा करते हैं। बालक की उम्र बढ़ने के साथ ही साथ उनके साथियों की संख्या में भी वृद्धि होने लगती है। साथी–समूह का व्यवहार, विचार एवं उनके द्वारा किया गया कार्य बालक पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है। यदि साथी समूह के बालकों में वैचारिक मतभेद हो तो भी वह बालक मन को प्रभावित करता हैं। साथी–समूह स्वार्थ के लिए दोषपूर्ण प्रतिमान को अपना आदर्श बनाते हैं तो यहाँ बालक भी उनका आचरण करने लगता है और जब इसमें उनको आनंद आने लगता है या स्वार्थ की पूर्ति होने लगती है तो बालक उस आचरण की पुनरावृत्ति करने लगता है और यहीं से अपराध का जन्म होने लगता है। साथी–समूह में यदि किसी को किसी प्रकार की बुरी आदत है तो इसे भी बालक आसानी से सीख जाता है। बालक अपराधी समूहों के साथ जितना अधिक घनिष्ठ संबंध बनाएगा, वह अपने व्यक्तित्व में अपराधिक गुणों को उतना ही आत्मसात करेगा।[5] (सिंह एस.डी. – 2001)

परिवार में प्रेम से वंचित रहने के कारण बालक बड़ा होकर अपराध एवं नशे की लत की ओर आकृष्ट हो जाता है।[6] (सदरलैंड – 1965)

उद्देश्य –

बाल–अपराध में परिवार एवं साथी – समूहों की भूमिका को ज्ञात करना।

न्यादर्श –

यह शोध पत्र प्राथमिक आँकड़ों पर आधारित है। इस शोध–पत्र में दुर्ग शहर के पुलगाँव स्थित बाल सम्प्रेक्षण गृह के 40 बाल अपराधियों को लिया गया है। यहाँ पर दुर्ग, राजनांदगाँव, कवर्धा के न्यायालय से चिन्हित बाल अपराधियों को रखा गया है। इनमें चोरी करने वाले अपराधी अधिक हैं।

आँकड़ों का विश्लेषण –

अ) परिवार की भूमिका –

1. माता–पिता से व्यवहार – 80ः ने माता–पिता से अच्छा व्यवहार नहीं होना बताया।
2. परिवार में तनाव – 76ः ने बताया कि परिवार में तनाव रहता था।
3. भाई–बहनों से संबंध – 60ः ने भाई–बहनों से सामंजस्य न होना बताया।
4. घर में समायोजन– 68ः ने घर पर किसी से भी समायोजन का न होना बताया।
5. आवश्यकताओं की पूर्ति – 85ः ने बताया कि उनके आवश्यकताओं की पूर्ति उनके परिवार में नहीं होती है।
6. परिवार में सुरक्षा एवं प्रेम –62ः ने बताया कि उन्हें परिवार में सुरक्षा एवं प्रेम प्राप्त नहीं होता।
7. परिवार का समय – 65ः ने बताया कि परिवार वालों के पास उनके लिए समय नहीं है।
8. पक्षपात – 70ः ने अपने साथ भेद–भाव होना बताया।
9. पारिवारिक अनुशासन – 75ः ने पारिवारिक अनुशासन को कठोर बताया एवं अवहेलना की।

10. शिक्षा का अभाव – 81ः ने बताया कि परिवार द्वारा उनकी शिक्षा व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया गया।

ब) साथी–समूह –

1. मित्रों की संख्या – 90ः ने 5 से अधिक मित्र होना बताया।
2. मित्रों की शिक्षा – 87ः बालकों के मित्रों की शिक्षा प्रायमरी एवं माध्यमिक तक ही है।
3. शाला का वातावरण – 86ः ने अपने शाला के वातावरण को असामंजस्यपूर्ण एवं अरूचिकर बताया।
4. साथी–समूह का आचरण – साथी–समूह का आचरण जानने पर 65 बालकों ने बताया कि उनके साथियों में किसी न किसी प्रकार की बुरी आदत थी।
5. बुरी आदतें – बुरी आदतों में चोरी करना, बीड़ी सिगरेट पीना, घर से भागना, मार–पीट करना आदि बुरी आदतें साथी–समूहों में थी ।
6. बुरी आदतें कब से – 55ः बालकों ने बुरी आदतें परिवार से एवं 45ः बालकों ने साथी समूहों से बुरी आदतों का होना बताया।
7. साथियों के साथ समय – 81 ने बताया कि वे अधिकांश समय मित्रों के साथ व्यतीत करते थे।
8. साथी समूहों के साथ अपराध – 72 ने अकेले एवं 28 ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपराध करना स्वीकार किया।
9. साथियों से सामंजस्य – 78 ने अपने साथियों के साथ मार–पीट करना बताया।
10. भविष्य के बारे में जानना – 64 ने अपने भविष्य को सुधारने की बात कही । 36 ने बताया कि उन्हें अपने काम में ही आनंद आता है।

निष्कर्ष –

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि बाल अपराध में परिवार एवं साथी समूहों दोनों की भूमिका रहती हैद्य यदि परिवार अच्छा है लेकिन बालक का साथी समूह अच्छा नहीं है तो बालक बुरी आदत सीख जाता है और यदि साथी समूह अच्छा है लेकिन पारिवारिक माहौल या सामाजीकरण ठीक नहीं हुआ है तो भी बालक आपराधिक प्रवृत्ति अपना लेता है, क्योंकि अपराधी जन्मजात नहीं होते। कुछ बाल अपराधी अपने परिवार के दूषित वातावरण, असामंजस्य, पक्षपात, कड़ा अनुशासन, शिक्षा का अभाव, परिवार में तनाव, आवश्यकताओं के पूर्ण न होने के कारण इस क्षेत्र में आए हैं तो कुछ गलत संगत में पड़कर अपराध करने लगे हैं। आँकड़ों के विश्लेषण से स्पष्ट हुआ कि बाल अपराध में परिवार एवं साथी समूह दोनों की बराबर भागीदारी रहती है।

सुझाव –

बालक के विकास एवं आदत निर्माण में परिवार की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। प्रत्येक परिवार को अपने बच्चों को पारिवारिक आदर्श, सांस्कृतिक मूल्य, प्रतिमान एवं नैतिकता की शिक्षा देनी चाहिए। अपने बच्चों में सामंजस्य स्थापित करने की कला सिखानी चाहिए। उनके साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार के साथ ही उनके दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति अपने परिस्थिति के अनुसार करना चाहिए। परिवार के सदस्यों को आपस में समय बिताना आवश्यक है। बालक के मित्रों पर भी नजर रखना अनिवार्य है कि बालक के साथी समूह कैसे हैं। कहीं वे बालक को किसी भी प्रकार के गलत आचारण करना तो नहीं सिखा रहे हैं। उन्हें घर से अधिक मित्रों के साथ अच्छा लगने लगे तो यह आवश्यक हो जाता है कि बालक के मित्रों पर एवं बालक पर नजर रखें। इस प्रकार से उचित पारिवारिक वातावरण एवं सही मित्रों के चयन से बाल अपराध को कम किया जा सकता है।

संदर्भ –

1. वी. रीता (2010) : "विधानेतर बाल अपराध का समाजशास्त्र" काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।
2. आहूजा राम (2000) : अपराधशास्त्र, रावत पब्लिकेशन, जयपुर।
3. कुमारी, मंजु (2000) : "भारत में बाल अपराध" प्रिन्टवैल पब्लिशर्स डिस्ट्रीब्यूटर्स जयपुर।
4. वाकर, निगल (1973) : ब्रिटेन में अपराध और सजा, ब्रिटेन विश्वविद्यालय प्रेस।
5. सिंह एस. डी. (2001) : अपराधशास्त्र के सिद्धांत, कमल प्रकाशन, इंदौर।
6. सदरलैंड (1965) : प्रिंसिपल ऑफ क्रिमनोलॉजी, राइट्स ऑफ इंडिया प्रेस बॉम्बे।